

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 23 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष -41 ■ अंक-323 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 24 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास को गति

**छग विस में राज्यपाल का अभिभाषण**

**रायपुर, 23 फरवरी**



रमेन डेका ने आज छत्तीसगढ़ की 6वीं विधानसभा के अष्टम सत्र को संबोधित करते हुए अभिभाषण प्रस्तुत किया।

विधानसभा पहुंचने पर उनका स्वागत विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने किया। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना और विधानसभा की रजत जयंती पर सभी सदस्यों को बधाई देते हुए विकसित राज्य के लक्ष्य की दिशा में सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ का लक्ष्य संकल्प और सहभागिता से प्राप्त किया जाएगा।

### किसान, महिला और जनकल्याण पर सरकार का फोकस

अभिभाषण में किसानों के सशक्तिकरण, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, कृषक उन्नति योजना तथा भूमिहीन कृषि मजदूरों के कल्याण को सरकार की प्राथमिकता बताया गया। राज्यपाल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए वर्ष को 'महतारी गौरव वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है तथा महतारी वंदन योजना के माध्यम से लाखों महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने सिंचाई क्षमता विस्तार, जैविक खेती, पशुपालन, डेयरी विकास और मत्स्य उत्पादन में वृद्धि को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### अधोसंरचना, उद्योग और शिक्षा में विस्तार

अभिभाषण में औद्योगिक निवेश, नई औद्योगिक नीति, स्टार्टअप प्रोत्साहन, शिक्षा हब के रूप में नवा रायपुर का विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार तथा अधोसंरचना परियोजनाओं का उल्लेख किया गया। राज्य में रेल, सड़क, ऊर्जा और हवाई सेवाओं के विस्तार को आर्थिक विकास की गति बढ़ाने वाला बताया गया। राज्यपाल ने कहा कि प्रशासनिक सुधार, डिजिटल गवर्नेंस, पारदर्शिता और जनभागीदारी के माध्यम से सुशासन को मजबूत किया जा रहा है।

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण के अंत में कहा कि सरकार जनभागीदारी के साथ विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सभी सदस्यों को सत्र की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश के समग्र विकास के लिए सहयोग का आह्वान किया।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास और कनेक्टिविटी

राज्यपाल ने कहा कि माओवादी प्रभाव वाले क्षेत्रों में सुरक्षा के साथ विकास कार्यों को गति दी गई है। सड़क, पुल, मोबाइल टॉवर, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से बुनियादी सुविधाएं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने जनजातीय विकास, वनाधिकार पत्र वितरण, तेंदूपत्ता संग्राहकों के हित, शिक्षा और खेल उपलब्धियों को भी प्रदेश की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बताया।

## नेपाल में बस त्रिशूली नदी में गिरी, 18 की मौत

**काठमांडू,23 फरवरी।** नेपाल के धादिंग जिले में सोमवार तड़के एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में कम से कम 18 लोगों की जान चली गई। पोखरा से काठमांडू जा रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पृथ्वी हाईवे से फिसल गई और करीब 300 मीटर नीचे त्रिशूली नदी के किनारे जा गिरी। इस हादसे में 27 अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिला ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, दुर्घटना सुबह करीब 1:15 बजे बेनीघाट रोरंग ग्रामीण नगर पालिका (वार्ड-3) के चरौंडी स्थित चिनाधारा इलाके में हुई। बस भैसेपाटी क्षेत्र से गुजर रही थी, तभी चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन गहरी ढलान से नीचे जा गिरा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। हादसे में जान गंवाने वालों में 12 पुरुष और 6 महिलाएं शामिल हैं। घायलों में 18 पुरुष, 8 महिलाएं और एक नाबालिग लड़की है। घटना के तुरंत बाद नेपाली सेना, सशस्त्र पुलिस बल (APF) और स्थानीय लोगों ने बचाव अभियान शुरू किया। रात के अंधेरे और दुर्गम पहाड़ी रास्ते के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। सभी घायलों को मलबे से निकालकर तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहाँ कई की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक तौर पर तेज गति या तकनीकी खराबी को हादसे की वजह माना जा रहा है।

### टीएमसी नेता मुकुल रॉय का निधन

**कोलकाता,23 फरवरी।** तृणमूल कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में शामिल



और पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री मुकुल रॉय का सोमवार तड़के 71 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। कोलकाता के सॉल्ट लेक स्थित एक निजी अस्पताल में रात करीब 1:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके बेटे सुभ्रांशु रॉय ने कार्डियक अरेस्ट से निधन की पुष्टि की। बताया गया कि वह लंबे समय से बीमार थे और पिछले करीब 600 दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। 14 मई 1954 को उत्तर 24 परगना के कांचरापाड़ा में जन्मे मुकुल रॉय ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत यूथ कांग्रेस से की थी।

### फर्जी सीआईडी अधिकारी बंदी

**धमतरी,23 फरवरी।** पुलिस ने फर्जी अधिकारी बनकर आम लोगों और प्रशासन पर धौंस जमाने वाले एक जालसाज को धर दबोचा है। आरोपी टिकेश्वर नरेटी (28 वर्ष) अपनी



स्कॉर्पियो कार में 'नेशनल क्राइम कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन' का बोर्ड लगाकर खुद को सीआईडी अधिकारी बताता था। जांच में सामने आया कि आरोपी ने टोल टैक्स बचाने और सड़कों पर रौब झाड़ने के लिए अपनी गाड़ी पर फर्जी बोर्ड लगा रखा था। वह खुद को बड़ा अधिकारी बताकर लोगों को गुमराह कर रहा था। सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक संदिग्ध रूप से फर्जी पहचान का इस्तेमाल कर रहा है, जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया।

### अजित पवार के विमान हादसे की सीबीआई जांच की मांग

**मुंबई,23 फरवरी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ हुए विमान हादसे को लेकर लगातार साजिश



की आशंका जताई जा रही है. उनके परिजनों की ओर से पिछले महीने हुए विमान हादसे की जांच की मांग की जा रही है. अब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने गृह मंत्री अमित शाह से विमान हादसे की सीबीआई से जांच कराने का आदेश देने का अनुरोध किया है.

**छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26**

## विकास की 'गति' में राष्ट्रीय औसत से आगे निकला राज्य

**रायपुर,23 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के आंकड़ों ने राज्य की मजबूत आर्थिक स्थिति की तस्वीर साफ कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ का सकल राज्य घरेलू उत्पाद राष्ट्रीय विकास दर की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

छत्तीसगढ़ के लिए सबसे गर्व की बात इसकी विकास दर है। जहाँ राष्ट्रीय औसत 8% रहने का अनुमान है, वहीं छत्तीसगढ़ की जीएसडीपी वृद्धि दर 11.57% दर्ज की गई है। यह दर्शाता है कि राज्य की आर्थिक नीतियां जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से काम कर रही हैं।

सर्वेक्षण के अनुसार, इस वित्तीय वर्ष के लिए छत्तीसगढ़ का कुल डीएसडीपी 6,31,291 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। पिछले वर्ष की तुलना में इसमें 11.57 प्रतिशत की उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है, जो राज्य के बढ़ते आर्थिक दायरे को दर्शाता है।

**क्षेत्रवार प्रदर्शन** -राज्य ने कृषि, उद्योग और सेवा—तीनों प्रमुख क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन किया है। विशेष रूप से उद्योग और सेवा क्षेत्र राज्य की अर्थव्यवस्था के नए इंजन बनकर उभरे हैं:

**उद्योग क्षेत्र :** उद्योग क्षेत्र में राज्य का योगदान सबसे अधिक रहने की संभावना है। इस साल यह 2,70,449 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

**सेवा क्षेत्र :** सेवा क्षेत्र (Services) में भी तेजी देखी गई है, जिसका योगदान 1,90,221 करोड़ रुपये संभावित है।

**कृषि क्षेत्र :** कृषि के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ ने अपनी साख बरकरार रखी है और राष्ट्रीय औसत की तुलना में बेहतर विकास दर हासिल की है। सरकार का लक्ष्य तकनीक और सुशासन के माध्यम से बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई पर ले जाना है।

**हाईकोर्ट ने दिए फिर से ट्रायल के आदेश**

## आजीवन कारावास की सजा रिकॉर्ड गुम होने से निरस्त

**बिलासपुर,23 फरवरी।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने हत्या के एक मामले में महत्वपूर्ण प्रक्रिया संबंधी फैसला देते हुए आजीवन कारावास की सजा को निरस्त कर दिया है और मामले में पुनः परीक्षण (री-ट्रायल) का आदेश दिया है। यह मामला उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच ने हत्या के आरोपी सरगुजा जिले के झिरमिट्टी निवासी लक्ष्मण राम नामक अभियुक्त से जुड़ा हुआ है। उसे सत्र न्यायालय, अंबिकापुर द्वारा हत्या (धारा 302) के आरोप में दोषी ठहराया गया था। आरोपी ने इस निर्णय के विरुद्ध वर्ष 2019 में हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। हाईकोर्ट ने लखन राम को दी गई आजीवन कारावास की सजा को इस आधार पर निरस्त कर दिया कि ट्रायल कोर्ट का मूल रिकॉर्ड गुम हो चुका है और अपील की सुनवाई बिना पूर्ण रिकॉर्ड के संभव नहीं है। अपील की सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि ट्रायल कोर्ट का पूरा रिकॉर्ड गुम हो गया है। हाईकोर्ट के निर्देश पर रिकॉर्ड के पुनर्निर्माण का प्रयास किया गया, लेकिन गवाहों के बयान और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो सके। राज्य द्वारा कुछ दस्तावेज जैसे एफआईआर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मेमो, जब्ती पंचनामा आदि प्रस्तुत किए गए, लेकिन अभियोजन एवं बचाव पक्ष के गवाहों के बयान न मिलने के कारण अपील पर निर्णय करना संभव नहीं था। न्यायालय ने कहा कि, दोषसिद्धि की पुष्टि के लिए अपीलीय न्यायालय द्वारा संपूर्ण रिकॉर्ड का अवलोकन अनिवार्य है। रिकॉर्ड के अभाव में दोषसिद्धि को बरकरार रखना कानूनसम्मत नहीं है। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि यदि रिकॉर्ड पुनर्निर्माण संभव न हो, तो न्यायसंगत प्रक्रिया का पालन करते हुए पुनः ट्रायल ही एकमात्र उपाय है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच ने दोषसिद्धि व सजा के आदेश को निरस्त कर दिया है और मामले को पुनः ट्रायल के लिए ट्रायल कोर्ट को भेजा है।

### शादी समारोह में भोजन के बाद 44 ग्रामीणों की बिगड़ी तबीयत

**गरियाबंद,23 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले से फूड पॉइजनिंग का सनसीखेज मामला सामने आया है, जहां दो ग्राम पंचायतों के 44 ग्रामीण अचानक बीमार पड़ गए हैं। जानकारी के अनुसार, ग्रामीण शादी के चौथिया कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम में भोजन करने के बाद सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। बताया जा रहा है कि गांव वापस लौटने के बाद ग्रामीणों को उल्टी-दस्त की शिकायत शुरू हुई। ग्राम पंचायत आमदी (द) के आश्रित मोहलाई के 17 ग्रामीण और ग्राम पंचायत दर्रीपारा के बोइरगांव के 27 ग्रामीण फूड पॉयजनिंग के शिकार हुए हैं। दोनों ग्रामों के कुल मिलाकर अब तक 44 ग्रामीण बीमार बताए जा रहे हैं। मामले की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। उपस्वास्थ्य केंद्र कोसमी में शिविर लगाकर सभी मरीजों का इलाज किया जा रहा है। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा प्राथमिक उपचार के साथ आवश्यक दवाइयां दी जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रभावित गांवों में पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। सीएमओ वीएस नवरत्न ने बताया कि मामले की सूचना के बाद डॉक्टरों के साथ स्वास्थ्य कर्मियों का दल कोसमी सेक्टर में ड्यूटी पर लगाया गया है।

## विधानसभा पहुंचे पूर्व मंत्री लखमा भाजपा नेताओं से मिले गले

**रायपुर,23 फरवरी।** शराब घोटाले में आरोपी बनाए गए पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा सालभर जेल में बिताने के बाद पहली बार सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हुए. विधानसभा में पहुंचने के बाद लखमा ने कांग्रेस-भाजपा विधायकों से मुलाकात की, भाजपा विधायकों ने गले लगाकर उनका स्वागत किया. बता दें कि शराब घोटाला मामले में जमानत पर जेल से बाहर हुए कांग्रेस विधायक कवासी लखमा को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कुछ शर्तों के साथ सत्र में शामिल होने की अनुमति दी है. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उन्हें अंतरिम जमानत और विधानसभा की प्रक्रियात्मक शर्तों पालन करने का निर्देश देते हुए



अनुमति दी गई है. क्योंकि, अभी जिस मामले में उन्हें जमानत मिली है, उसकी जांच अभी जारी है. ऐसे में फिलहाल सर्वोच्च न्यायालय के सभी आदेशों और संवैधानिक प्रावधानों का पालन करना होगा. विधानसभा सत्र के दौरान कवासी लखमा किसी भी तरह की स्पीच नहीं दे सकेंगे. वहीं सार्वजनिक बयानबाजी या अपने केस से जुड़े मामलों पर भी टिप्पणी नहीं कर सकेंगे. कवासी उपस्थिति केवल बजट सत्र तक ही सीमित रखी गई है, वह किसी और कार्यक्रम में भाग नहीं ले सकेंगे. यही नहीं कवासी लखमा बजट सत्र के दौरान वह अपने निवास क्षेत्र का दौरा भी नहीं कर सकेंगे. विधानसभा सत्र के दौरान कवासी लखमा को अपने आने और जाने की पूरी जानकारी विधानसभा सचिव के देनी होगी. नियमों का उल्लंघन करने पर कवासी लखमा को दी गई अनुमति तत्काल प्रभाव से रद्द की जाएगी.

## अफगानिस्तान में पाकिस्तान की बमबारी से भड़का भारत

**नई दिल्ली,23 फरवरी।** अफगानिस्तान के अंदर पाकिस्तान की हालिया स्ट्राइक ने दोनों देशों के बीच तनाव को फिर से चरम पर पहुंचा दिया है। दोनों देश अब आमने-सामने हैं और इसी बवाल के बीच भारत भी तालिबान के समर्थन में कूद पड़ा है। भारत ने ना केवल इन हमलों की निंदा की बल्कि पाकिस्तान को जमकर लताड़ा है। भारत ने इसे पाकिस्तान की घरेलू विफलताओं से ध्यान भटकाने की एक हताश कोशिश करार दिया है।

दरअसल भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बयान जारी करते हुए कहा कि रमजान के पवित्र महीने में पाकिस्तान द्वारा किए गए इन हमलों में महिलाओं और बच्चे समेत आम नागरिकों की मौत होना बेहद निंदनीय है। भारत ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान अपने आंतरिक समस्याओं और सुरक्षा मोर्चे पर अपनी नाकामी को छिपाने के लिए पड़ोसी देश की संप्रभुता का उल्लंघन कर रहा है।

भारत ने एक बार फिर दोहराया कि वो अफगानिस्तान की सोवनिटी यानी संप्रभुता और टेरिटोरियल इंटीग्रिटी यानी क्षेत्रीय अखंडता के साथ मजबूती से खड़ा है। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान इस हमले के बाद अब सफाई देने में जुटा हुआ है। पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय ने इस कार्रवाही का बचाव किया है।

इस्लामाबाद का दावा है कि उसने इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर अफगानिस्तान के भीतर तहरीक तालिबान यानी टीटीपी और इस्लामिक स्टेट आईएसपी के सात ठिकानों पर सटीक हमले किए हैं। पाकिस्तान का कहना है कि बन्नु और बजोर में हुए आतंकी हमलों के तार अफगान हैंडलर से जुड़े थे। जिसके जवाब में यह कार्रवाई जरूरी थी। पाकिस्तान ने अफगान तालीबान पर आरोप लगाया कि बार-बार चेतावनी के बावजूद काबुल अपनी जमीन का इस्तेमाल पाकिस्तान विरोधी आतंकियों को करने से रोकने में नाकाम रहा है। लेकिन काबुल ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**टेनिस की महान महिला खिलाड़ी वीनस विलियम्स के प्रेरक प्रसंग ....**

## खेल जीवन में देता है भरपूर आनंद

एक कहावत वर्षों से सुनने में आता है कि समय बड़ा बलवान। जी हां खिलाड़ियों की जिंदगी से यह बात बिलकुल सही साबित होती रही है। जन्म से लेकर मृत्यु तक जीवन के सफर में मनुष्य अनेक उतार-चढ़ाव दौर से गुजरता है। सबसे बड़ी बात व्यक्ति चाहे कृषक हो, राजनेता, वैज्ञानिक, खिलाड़ी, शिक्षक, चिकित्सक,कलाकार,उद्योगपति कुछ भी हो उम्र के बढ़ने के साथ ही साथ अपने कार्यक्षेत्र से धीरे-धीरे करके ओझल होने लगता है जबकि उसके प्रतिद्वंद्वी उसको मात देने लगते हैं। खेलकूद के क्षेत्र में इस तरह के उदाहरण आमतौर पर देखने को मिलते हैं। 10-12 वर्ष की उम्र में खेल आरंभ करके खिलाड़ी स्वयं को चुस्त-दुरुस्त रखे तो 35 से 38 वर्ष की उम्र तक खेल मैदान में अपने आपको ऊंचाईयों में संभालकर रख लेता है। लेकिन उसके पश्चात् युवा खिलाड़ी के खेल मैदान में आने पर वरिष्ठ खिलाड़ी को मैदान छोडऩा ही पड़ता है। लेकिन खेल के प्रति लगाव, समर्पण की वजह से खिलाड़ी खेल मैदान में उतरने हेतु प्रयासरत होते हैं .हाल ही में यह घटना टेनिस की महान खिलाड़ी वीनस विलियम्स के साथ घटित हुई। 17 जून 1980 को जन्मी वीनस ईबोनी स्टर विलियम्स में जिन्हें वीनस विलियम्स के नाम से जाना जाता है। 08 वर्ष की उम्र से टेनिस रैकेट को हाथ में थामने वाली टेनिस खिलाड़ी वीनस 31 अक्टूबर 1994 ने सिर्फ 14 वर्ष की उम्र में पहली प्रोफेशनल स्पर्धा बैंक ऑफ द वेसट क्लासिक चैंपियनशिप में भाग लिया जो कि आयरलैंड कैलिफोर्निया में सम्पन्न हुई। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और अब 45 वर्ष की उम्र में टेनिस खेल रही है। पिछले 32वर्षों के दौरान 1100 मैच खेल चुकी है। हम कह सकते हैं 6 फीट एक इंच ऊंची वीनस को टेनिस ने नहीं शारीरिक चोट ने हराया। आज एकल के 49, युगल के 22, मिश्रित युगल के दो प्रतियोगिता को जीता उन्होंने अपने टेनिस कैरियर में अब तक तीन अरब तिहत्तर करोड़ से अधिक धन राशि अर्जित किया है। इतना सब कुछ होते हुए वीनस का मन टेनिस से भरा नहीं है और हाल ही में उन्हें आगामी 01 से 15 मार्च तक दक्षिण कैलीफार्निया में आयोजित होने वाली इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में आयोजन समिति ने एकल और युगल दोनों ही श्रेणी में वाइल्ड कार्ड एंट्री दे दी है। सचमुच वीनस का यह निर्णय लाखों युवा खिलाडिय़ों के लिए प्रेरणादायक है। टेनिस जैसे खेल में सब कुछ पा लेने के बाद वीनस का यह कदम साहस की मिसाल है। उन्होंने ढलती उम्र में कोर्ट में उतरने का कदम उठाकर यह साबित कर दिया कि उनके लिए हार या जीत मायने नहीं रखता वे खेल को शारीरिक, मानसिक रूप से स्वस्थ रखने का साधन और जीवन में आनंद की भरपूरी का मार्ग मानती हैं। हम अपने आसपास देखते हैं कि कई खिलाड़ी खेल को एक निश्चित समय तक धन अर्जित करने का साधन समझते हैं। खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने के बाद खिलाडिय़ों को नौकरी दे दी जाती है. नौकरी मिलने के कुछ दिनों बाद ही मतलबी खिलाड़ी उस खेल को आनेवाली पीढ़ी को सिखाने के बदले खेलना ही छोड़ देते हैं। 45 वर्ष की उम्र तक टेनिस के लिए अपने बचपन /युवावस्था याने जिंदगी का सबसे महत्वपूर्ण दौर सबकुछ न्यौछावर कर देने वाली वीनस को खेल चाहे जो भी हो आज के खिलाडिय़ों की आदर्श मानना चाहिए। जिस खेल ने प्रसिद्धि दी जिससे सामाजिक, पारिवारिक, मान प्रतिष्ठा मिली. जिस टेनिस ने वीनस को विश्व स्तरीय पहचान दी उससे जुड़े रहना ही उन्होंने उचित माना है। एक खेल से जुड़कर खिलाड़ी कैरियर ही नहीं बनाता है बल्कि प्रत्येक बच्चे, किशोर, युवा को स्वस्थ्य और फिट रहने का संदेश देता है। वही संदेश 45 वर्ष की उम्र में वीनस के खेल के प्रति लगाव ने आज सारे जगत के साथ भारत में भी प्रभावशील हो गया है। आने वाली पीढ़ी के लिए वीनस का खेल जीवन एक सबक है कि व्यक्ति निश्चिय कर ले तो वह दल वाले खेल ही नहीं बल्कि एकल/युगल वाले खेल से भी अपनी अलग पहचान बना सकता है। ऐसे महान विभूतियों के बारे में प्राथमिक स्तर के शालेय शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए .

### अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलसचिव निलंबित

**रायपुर,23 फरवरी।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर में आर्थिक अनियमितता के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए तत्कालीन कुलसचिव एवं वर्तमान उप कुलसचिव शैलेंद्र दुबे को निलंबित कर दिया गया है। इसका आदेश उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय ने जारी किया है। बताया जा रहा है कि विश्वविद्यालय में क्रय-विक्रय प्रक्रिया में गड़बड़ी और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर जांच कराई गई थी। इस मामले को लल्लूराम डॉट कॉम ने प्रमुखता से उजागर किया था, जिसके बाद जांच कमेटी गठित की गई थी। जांच कमेटी की रिपोर्ट में सामग्री खरीदी में गंभीर आर्थिक अनियमितता सामने आई है। विशेष रूप से जैम पोर्टल के माध्यम से की गई खरीद में नियमों का उल्लंघन और प्रक्रिया में गड़बड़ी पाए जाने की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट के आधार पर विभाग ने यह कार्रवाई की है। आदेश के अनुसार, निलंबन अवधि के दौरान शैलेंद्र दुबे को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# पंडरिया में 165 आदिवासी नागरिकों की घर वापसी विधायक भावना बोहरा ने पैर पखारकर किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,23 फरवरी।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा में निरंतर सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार से लेकर आदिवासी एवं वनवासी संस्कृति को संरक्षित करने की दिशा में सार्थक प्रयास किये जा रहें हैं। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के वनांचल क्षेत्रों से लगभग 165 आदिवासी परिवारों के सदस्यों ने अपने मूल धर्म एवं परंपराओं में पुनः आस्था व्यक्त करते हुए घर वापसी की। यह आयोजन ग्राम कुल्हीडोंगरी में प्राथमिक शाला के पास आयोजित संस्कृति गौरव सम्मान एवं अभिनंदन समारोह में संपन्न हुआ। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सभी लौटे हुए जनजातीय भाई-बहनों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उनके पैर पखारकर सम्मान प्रकट किया। यह क्षण



सांस्कृतिक आत्मगौरव और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया।

### सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए सतत प्रयास

विधायक भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में निरंतर सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा आदिवासी एवं वनवासी परंपराओं के संरक्षण की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। उनके जमीनी स्तर के कार्यों से वनांचल क्षेत्रों में निवासरत जनजातीय परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। साथ ही, भोले-भाले आदिवासी समाज को प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने वालों के इरादों पर कड़ा प्रहार हो रहा है।

### विधानसभा के अब तक 400 से अधिक आदिवासी नागरिकों की घर वापसी

यह पहल केवल एक कार्यक्रम तक सीमित नहीं है। इससे पूर्व भी विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से विभिन्न क्षेत्रों में घर वापसी हुई है। नेऊर क्षेत्र के आसपास के गांवों से 115 नागरिक, कुई-कुकदुर क्षेत्र से 70 नागरिक एवं ग्राम दमगढ़ से 50 नागरिक और आज कुल्हीडोंगरी में 165 नागरिकों की वापसी के साथ, पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्रों से अब तक लगभग 400 से अधिक आदिवासी नागरिक अपने मूल धर्म और सांस्कृतिक जड़ों से पुनः जुड़े हैं। यह केवल आस्था नहीं, सांस्कृतिक अस्मिता और आत्मगौरव का अभियान है।कार्यक्रम में नगर पालिका इंदौरी अध्यक्ष श्रीमती मित्रीन बाई मांडले जी, उपाध्यक्ष श्री जशवंत साहू जी, श्री उत्तम मार्सकोले जी, कुल्हीडोंगरी सरपंच श्री संजीव परस्ते जी, श्री रूपेश जैन जी, श्री नवल पांडेय जी, श्री खेम सिंह ठाकुर जी, मंडल अध्यक्ष श्री खिलेश्वर साहू जी, श्री नरेश साहू जी, जनपद अध्यक्ष श्री नंदिनी साहू जी, श्री स्वतंत्र तिवारी जी, श्री राजकुमार यादव जी, श्री थानेश्वर साहू जी, समस्त जनपद सदस्य, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



## भाजपाइयों ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**कवर्धा,23 फरवरी (तछसं.)।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 फरवरी रविवार प्रातः 11 बजे मन की बात कार्यक्रम का 131वाँ कड़ी का प्रसारण कवर्धा विधानसभा के अंतर्गत भाजपा शहर मंडल के बूथ क्रमांक 264 में जिला पदाधिकारी के साथ सुना गया !इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी , जिला महामंत्री मुकेश सिंह ठाकुर , जिला सामग्री व्यवस्था प्रभारी सुरेश दुबे, मंडल शहर उपाध्यक्ष कमलेश द्विवेदी उपस्थित रहे ।

## एक नजर

### मारपीट के मामले में 3 गिरफ्तार



**भिलाई,23 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई कुम्हारी थाने पुलिस ने पुरानी पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट कर क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कियाजानकारी के अनुसार ग्राम खपरी में मुकेश जोशी (41साल ) और शुभम साहू (23 साल ) दोनों निवासी ग्राम खपरी द्वारा शराब सेवन कर आम स्थान पर आपसी वाद-विवाद करते हुए शांति भंग किया जा रहा था इसी प्रकार राकेश जांघेल, (29 साल )निवासी शांति नगर, भिलाई-3 द्वारा अपने चचेरे भाई के निवास ग्राम खपरी में पुरानी पारिवारिक विवाद को लेकर विवाद उत्पन्न कर अशांति फैलायी गई ।

### शराब के लिए पैसे नहीं देने पर की मारपीट



**भिलाई,23 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र के सेक्टर-7 स्थित नेहरू नगर रेलवे फाटक के पास शराब के लिए पैसे नहीं देने पर दो युवकों के बीच मारपीट हुई भिलाई नगर थाने पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस के अनुसार नेहरू नगर से काम कर अपने घर लौट रहा था रास्ते में दो परिचित युवकों ने उसे रोककर शराब पीने के लिए पैसे मांगे मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी एक आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर भिलाई नगर थाना में धारा 296, 115(2), 351(3), 118(1), 119(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया जांच के दौरान दोनों आरोपियों को चिन्हित कर हिरासत में लिया गया पूछताछ में उन्होंने वारदात स्वीकार की गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जीतू सिंह और शुभम, दोनों निवासी सेक्टर-07 भिलाई नगर के रूप में हुई है पुलिस ने एक धारदार हथियार भी जब्त किया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### अड्डेबाजी,खुले आम शराब पीने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**भिलाई,23 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई खुलेआम अड्डेबाजी कर शराब पीने वालों पर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कुल 39 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। ग्रामीण एएसपी मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि खुलेआम अड्डेबाजी कर शराब पीने व बेचने पर 39 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। पाटन और पुलगांव थाने में 6-6, भिलाई 03 व उतई में 4-4, नेवई, वैशाली नगर और मोहन नगर थाना में 3-3, पद्मनाभपुर, सुपेला, खुर्सीपार व धमधा थाना पुलिस ने 2- 2 दुर्ग कोतवाली और जामुल थाना पुलिस ने एक-एक प्रकरण में कार्रवाई की है।

### कलेक्टर ने किया परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

**दुर्ग 23 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारम्भिक परीक्षा 2025 की परीक्षा रविवार 22 फरवरी को दुर्ग, भिलाई नगर के 25 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई। 10307 परीक्षार्थियों के लिए दो पालियों (क्रमशः सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक और अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक) में परीक्षा आयोजित की गई।कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने उक्त परीक्षा के प्रथम पाली में परीक्षा केन्द्र क्रमांक 0503 उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 0504 शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या पीजी कालेज दुर्ग, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 0505 सेजेस जेआरडी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 0523 आमदी नगर विद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल हुडको भिलाई और परीक्षा केन्द्र क्रमांक 0525 भिलाई महिला महाविद्यालय सेक्टर 9 भिलाई का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्राध्यक्ष को लोक सेवा आयोग के मार्गदर्शी निर्देशों का पालन करते हुए बेहतर ढंग से परीक्षा संचालित करने निर्देशित किया।

# युवा सरपंच रवि सिंगौर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गिरौदपुरी मेले में दर्शन किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,23 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध धाम गिरोधपुरी धाम में आयोजित मेले के अवसर पर जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत ग्राम सांकरा के युवा सरपंच रवि सिंगौर अपने ग्राम के सतनामी समाज के लोगों को साथ लेकर एकदिवसीय धार्मिक भ्रमण के लिए रवाना हुए।

इस दौरान श्री सिंगौर संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के पावन धाम गिरोधपुरी में दर्शन कर ग्राम एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करेंगे। यह यात्रा सामाजिक एकता, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय पहल मानी जा रही है। भ्रमण दल में श्री सिंगौर के साथ सीताबी बंजारे, रमेश बजारे, मनमोहन बंजारे, अशोक तुरकाने, गौतलाल डहरिया, संजय बंजारे, महेश बांधे, करण बंजारे, श्रीमती गायत्री बंजारे, कुमारी डहरिहा, संजय डहरिया, उमा तुरकाने, संजय सिंगौर (पंच), तुलाराम सिंगौर, महेंद्र पारधी (पंच), कामता सिंगौर, विकास सिंगौर सहित अन्य ग्रामवासी शामिल हैं, जो गिरोधपुरी धाम मेला दर्शन हेतु प्रस्थान कर चुके हैं।

# चार दशकों की तपस्या से जनआस्था का विराट उत्सव बनी रामनवमी शोभायात्राः प्रेमप्रकाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 23 फरवरी ।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा शोभायात्रा के ध्वजवाहकों का सम्मान समारोह श्रीराम चौक खुर्सीपार में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में समिति के संरक्षक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि वर्ष 1986 में प्रारंभ हुई यह यात्रा आज हजारों ध्वजवाहकों की भव्य शोभायात्रा में परिवर्तित हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए समिति समाज में एकता, आस्था और सेवा का संदेश देती रही है। समारोह में एक मुट्ठी दान श्रीराम के नाम अभियान की शुरुआत भी की गई। इस अभियान के अंतर्गत घर-घर से अन्न संग्रह कर महाप्रसाद तैयार किया जाएगा। पाण्डेय ने इसे समाज की





एकजुटता और सेवा भावना का प्रतीक बताया। इस अवसर पर समिति के दिवंगत वरिष्ठ सदस्यों स्व. योगेंद्र पाण्डेय, स्व. अरविंद वर्मा, स्व. बीडी सिंह, स्व. शेरा ढिल्लन एवं स्व. परमजीत सिंह लाड्डी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पाण्डेय ने कहा कि जब यह आयोजन प्रारंभ हुआ था, तब कुर्सीपार, कैंप, जोरातराई और पुरैना जैसे क्षेत्रों की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियाँ भिन्न थीं। प्रारंभिक वर्षों में कुछ दर्जन लोग साइकिल और एक मेटाडोर में प्रभु श्रीराम की तस्वीर लेकर निकले थे, जो आज विशाल शोभायात्रा का रूप ले चुकी है। उन्होंने अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आज विश्व के प्रमुख तीर्थ स्थलों में शामिल हो चुका है और इससे पर्यटन एवं रोजगार को भी बढ़ावा मिला है। पाण्डेय ने समिति की यात्रा की तुलना प्रभु श्रीराम के वनगमन से करते हुए कहा कि चुनौतियों के बावजूद यह प्रवाह निरंतर जारी है। समिति जाति, भाषा और समुदाय के भेद मिटाकर समाज में एकता का संदेश देने का कार्य कर रही है। समिति युवा विंग के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने कहा कि यह आयोजन अब तीसरी-चौथी पीढ़ी तक पहुंच चुका है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना वर्ष 1925 का उल्लेख करते हुए समाज सेवा के निरंतर प्रयासों को रेखांकित किया। प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने ने कहा कि श्रीरामनवमी उत्सव मध्य भारत के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। संचालन जिला अध्यक्ष मदन सेन ने किया। समारोह में समिति के पदाधिकारी, महिला शाखा की सदस्याएं तथा हजारों की संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे। आगामी 26 मार्च को आयोजित होने वाले रामनवमी महोत्सव को भव्य रूप देने का आह्वान भी किया गया।



**भिलाई, 23 फरवरी।** खुशनुमा मौसम के बीच मैत्री बाग में खड़ा प्रकृति का अनमोल उपहार बारहसिंघा ।

# मौसम ने ली करवट, सुबह से बादल छाए रहे और हल्की बारिश भी हुई,वज्रपात की आशंका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 23 फरवरी ।** बंगाल की खाड़ी में आये निम्न दबाव के चलते आज सुबह से आसमान में घने बादल छाए हुए हैं। बदली के साथ हल्की बारिश का सिलसिला भी जारी है, जिससे मौसम में ठंडक घुल गई है । मौसम विशेषज्ञों के अनुसार दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव तंत्र के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बादल और हल्की वर्षा की स्थिति बनी हुई है। दिनभर आसमान आंशिक से पूर्णतः मेघमय रह सकता है। दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना सुस्पष्ट निम्न दबाव क्षेत्र आज भारतीय समयानुसार दोपहर 2ः30 बजे तक सक्रिय बना रहा। इससे संबंधित चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से



लगभग 5.8 किमी ऊंचाई तक फैला हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार यह तंत्र प्रारंभ में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ेगा और अगले 48 घंटों के दौरान धीरे-धीरे उत्तर-पूर्व दिशा की ओर मुड़ते हुए पुनः दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर सक्रिय रहेगा। दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने इस निम्न दबाव क्षेत्र से लेकर मध्य तमिलनाडु और आंतरिक कर्नाटक होते हुए मध्य महाराष्ट्र तक समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर द्रोणिका (ट्रफ) बनी हुई है। इसके अलावा मध्य क्षोभमंडलीय पछुआ हवाओं में बनी द्रोणिका का अक्ष समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर लगभग 93 डिग्री पूर्व देशांतर के अनुदिश तथा 24 डिग्री उत्तरी अक्षांश के उत्तर में स्थित है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि प्रदेश में एक-दो स्थानों पर अति हल्की से हल्की वर्षा होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात (आकाशीय बिजली) गिरने की भी आशंका जताई गई है। अगले दो दिनों में भी प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना बनी रहेगी। साथ ही गरज-चमक के साथ वज्रपात की स्थिति भी बन सकती है। 23 फरवरी को आसमान आंशिक रूप से मेघमय रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान लगभग 34 डिग्री से. तथा न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से. के आसपास रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने नागरिकों से बदलते मौसम के मद्देनजर सतर्क रहने की अपील की है।

# मातृभाषा का सम्मान, माता के सम्मान के समान:अजय



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई,, 23 फरवरी।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा विश्व मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने अपनी मातृभाषा भोजपुरी में उद्बोधन देते हुए मातृभाषा के सम्मान को माता के सम्मान के समान बताया तथा कैलाश गौतम की हास्य कविता पप्पू की दुल्हिन का पाठ किया। विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना ने मातृभाषा को अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बताते हुए उसके महत्व पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जगजीत कौर सलूजा ने पंजाबी में अमृता प्रीतम की कविता का सस्वर पाठ किया। डॉ. अनुपमा कश्यप ने बुंदेली में भूषण कृत शिवा बावनी के अंश प्रस्तुत किए, वहीं डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी ने मराठी में बहिणाबाई चौधरी की कविता सुनाई। डॉ. विजयलक्ष्मी नायडू ने तेलुगु में भक्ति गीत, डॉ. शकील हुसैन ने उर्दू-हिंदी में स्वरचित कविता, डॉ. त्रिलोचन कौर ने गुरुवाणी की पंक्तियां, डॉ. सीमा पंजवानी ने सिंधी गीत तथा डॉ. सोमा सेनगुप्ता ने बंगाली कविता का पाठ किया। जैनेंद्र दीवान ने संस्कृत के नीति श्लोक सुनाए। अंत में हिंदी विभाग के प्राध्यापकों ने छत्तीसगढ़ी में लक्ष्मण मस्तुरिया रचित गीत 'मैं बंदत हव दिन रात' का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम में प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा संचालन डॉ. रजनीश उमरे तथा आभार प्रदर्शन डॉ अम्बरीश त्रिपाठी ने किया।

# नेत्रहीन नेहा ने दी पीएससी की परीक्षा,डीएम ने दी शाबासी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई,, 23 फरवरी।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा रविवार को 25 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शामिल हुए। इन्हीं में एक विशेष नाम रहा नेत्रहीन अभ्यर्थी नेहा यमराज, जिन्होंने अपने दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में भाग लिया। नेहा परीक्षा केंद्र क्रमांक 0505, सेजेस जेआरडी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दुर्ग में परीक्षा देने पहुंचीं। नेत्रहीन होने के बावजूद उनका लक्ष्य स्पष्ट है – कठिन परिश्रम के बल पर प्रशासनिक अधिकारी बनना। जिला प्रशासन द्वारा नेहा के लिए परीक्षा केंद्र में पृथक कक्ष की व्यवस्था की गई। साथ ही लेखन कार्य के लिए 11वीं कक्षा की छात्रा काजल बंजारे को सहयोगी (स्क्राइब) के रूप में नियुक्त किया गया। परीक्षा के दौरान केंद्र में पर्याप्त प्रकाश, पेयजल एवं इमरजेंसी लाइट की भी विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की गई। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने केंद्र पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और नेहा को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने केंद्राध्यक्ष को आवश्यक सुविधाएं सुचारू रखने के निर्देश भी दिए। नेहा की लगन और हौसला अन्य अभ्यर्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सपनों को साकार करने का उनका जज्बा समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है।

# भखारा-भठेली नगर पंचायत में सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्थलों व मुख्य मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे शुरू

**अंवरी,23 फरवरी।** नगर पंचायत भखारा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष ज्योति हरख द्वारा अपनी निधि का सदुपयोग करते हुए भखारा एवं भठेली के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, प्रवेश द्वारों और प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं, जिनका संचालन प्रारंभ हो चुका है।

इस योजना के तहत रामपुर रोड स्थित दंतेश्वरी मंदिर के पास, भठेली स्वागत द्वार, पुराना बाजार चौक, बस स्टैंड, मंडी रोड तथा



मुख्य मार्गों के अन्य प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं। इन कैमरों के माध्यम से नगर के संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की रिकॉर्डिंग निगरानी की जा रही है, जिससे अपराधों की रोकथाम, यातायात व्यवस्था में सुधार एवं आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति हरख जैन ने कहा कि नगरवासियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने बताया कि नगर की बढ़ती गतिविधियों और जनसंख्या को देखते हुए आधुनिक तकनीक के माध्यम से निगरानी व्यवस्था आवश्यक हो गई थी। इसी उद्देश्य से निधि का उपयोग कर चरणबद्ध तरीके से सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि इन कैमरों की सतत मॉनिटरिंग के लिए जनभागीदारी का सहयोग भी लिया जा रहा है, ताकि व्यवस्था प्रभावी और पारदर्शी बनी रहे।अध्यक्ष ने आगे कहा, ÷यह केवल निगरानी की व्यवस्था नहीं, बल्कि नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास स्थापित करने की पहल है। जनसहयोग से ही नगर को सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाया जा सकता है।÷नगर के कई नागरिकों एवं पुलिस विभाग ने इस पहल की सराहना की है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि बाजार एवं बस स्टैंड जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में कैमरे लगने से असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगेगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी सुरक्षा मिलेगी। वहीं युवाओं एवं आम नागरिकों ने इसे आधुनिक नगर की दिशा में सकारात्मक कदम बताया है।नगर पंचायत द्वारा आगामी समय में आवश्यकता के अनुसार अन्य प्रमुख स्थानों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना बनाई जा रही है, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में सुरक्षा का दायरा और अधिक मजबूत किया जा सके।

## एक नजर

### सागर पंजवानी बने भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष, दी कार्यकर्ताओं ने बधाई



**तिल्दा नेवरा 23 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजयुमो के रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष पिंटू साहू द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया के निर्देशन पर जिला प्रभारी सुरेंद्र पाटनी एवं जिला अध्यक्ष श्याम नारंग की सहमति से अपनी कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें जिला उपाध्यक्ष के पद पर तिल्दा नेवरा निवासी सागर पंजवानी की नियुक्ति की गई है। सागर पंजवानी को भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष बनने पर उनके समर्थकों सहित तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र वासियों ने उन्हें बधाई दी है। साथ ही सागर पंजवानी ने अपनी नियुक्ति पर भाजपा व भाजयुमो के सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार माना है।

### एआई समिट में नग्न प्रदर्शन राहुल की भारत को अपमानित करने की एक सोची-समझी साजिश : कोमल सिंह राजपूत

**राजनांदगांव 23 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने नई दिल्ली में आहूत एआई समिट के दौरान शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए नग्न प्रदर्शन को भारत को अपमानित करने की एक सोची-समझी साजिश बताते हुए कहा है कि राहुल गांधी राजनीति के एक नए निचले स्तर पर गिर गए हैं, जहाँ उन्होंने कथित तौर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को राजनीतिक पोस्टर लेकर दुनिया के सबसे बड़े 'एआई इम्पैक्ट समिट' में निर्वस्त्र होने का निर्देश दिया। कोमल ने कहा कि कांग्रेस द्वारा पूर्व मे भी देश को अपमानित करने के बहुत प्रयास किए थे परन्तु यह प्रदर्शन कांग्रेस के घोर पतन, निर्लज्जता और मानसिक दीवालिएपन को दर्शाता है। राहुल गांधी के उकसावे पर की गई यह घिनौनी हरकत कांग्रेस पार्टी के पूर्ण वैचारिक पतन को उजागर करती है। एक तरफ जहाँ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत नवाचार, प्रगति और राष्ट्र निर्माण के लिए खड़ा है, वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस केवल व्यवधान, बाधा और नकारात्मकता राजनीति का प्रतीक बन कर रह गई है। श्री राजपूत ने आक्रोशित स्वर मे कहा कि ऐसे गंदे कार्यो के कारण ही भाजयुमो द्वारा कांग्रेस मुख्यालयो का घेराव कर जनता का ध्यान कांग्रेस की गंदी एवं अर्धनग्न सोच की ओर ध्यानाकर्षण करने हेतु किया गया उन्होंने आरोप लगाया कि यह स्पष्ट है कि कांग्रेस ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' को बदनाम करने की साजिश बहुत पहले ही रच ली थी। राहुल गांधी के इशारे पर लोगों को इकट्ठा किया गया, उन्हें शिखर सम्मेलन के लिए पंजीकृत कराया गया और फिर इस अपमानजनक कृत्य के लिए उकसाया गया। श्री राजपूत ने कहा कि तकनीक के विकास के मामले में दुनिया भारत का लोहा मान रही है लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस ने देश की छवि को नुकसान पहुँचाने का रास्ता चुना और पूरी दुनिया के सामने भारत को शर्मिंदा करने की सक्रिय कोशिश की है और इस सब के पीछे एकमात्र कारण यह है कि राहुल गांधी भारत को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ते हुए नहीं देख सकते। श्री राजपूत ने कहा कि कांग्रेस ओछी हरकतों से बाज आए अन्यथा आने वाले समय में कांग्रेस एक खोया इतिहास बन कर रह जाएगी।

### कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**कांकेर, 23 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर ने आज जिले के दो परीक्षा केन्द्रों- शासकीय पीएम श्री नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कांकेर तथा शहीद रामकुमार कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इन परीक्षा केन्द्रों में कक्षा 10वीं के हिंदी विषय की परीक्षा संचालित हो रही थी। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान शासकीय पीएम श्री नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 178 परीक्षार्थियों में से 176 विद्यार्थी उपस्थित एवं 2 विद्यार्थी अनुपस्थित पाए गए। विद्यार्थियों के अनुपस्थिति के संबंध में पूछताछ करने पर एक विद्यार्थी का दुर्घटना होने तथा दूसरा विद्यार्थी का ओपन परीक्षा में सम्मिलित होने के कारण अनुपस्थित होना बताया गया। शहीद रामकुमार कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान 215 परीक्षार्थियों में से लगभग 213 विद्यार्थी उपस्थित तथा 02 अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर द्वारा अनुपस्थिति का कारण पूछने पर अनुपस्थित विद्यार्थियों के स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी दी गई।

# कस्तूरबा गांधी, मौलाना आजाद, खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि मनाई गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 23 फरवरी।** कस्तूरबा गांधी, मौलाना आजाद, खूबचंद बघेल जी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन तिल्दा में श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया बलदाऊ साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण ने कहा की राष्ट्रीय आंदोलन और आजादी की लड़ाई में छत्तीसगढ़ के कई क्रांतिकारी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने हिस्सा लिया था. उनमें से एक नाम है डॉक्टर खूबचंद बघेल जी का. डॉक्टर खूबचंद बघेल राष्ट्रीय आंदोलन में हिस्सा लेने के साथ ही एक समाज सुधारक भी थे.



डॉक्टर खूबचंद बघेल के साथ ही उनकी माता और उनकी पत्नी भी जेल गईं थीं. सन 1951 में अविभाजित मध्य प्रदेश जब हुआ करता था,तब डॉक्टर खूबचंद बघेल विधानसभा के सदस्य भी रहे. इसके साथ ही खूबचंद बघेल ने राज्यसभा में भी अपनी पहचान बनाई थी. अजितेश शर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा ने कहा की स्वाधीनता की अलख को घर-घर तक पहुंचाने वाली, साहस और त्याग की प्रतिमूर्ति कस्तूरबा गांधी जी को उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन उन्होंने आगे बताया कि मौलाना आजाद का जन्म 11 नवंबर 1888 को हुआ था। 22 फरवरी 1958 को उनका देहांत हो गया।

शिक्षा मंत्री के रूप में उनके योगदान को याद किया गया। उन्होंने सभी बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा की वकालत की। बालिका शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, कृषि और तकनीकी शिक्षा पर विशेष जोर दिया। 1992 में उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अजितेश शर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा, बलदाऊ साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण, मोती हिंदूजा, सुनील सोनी, गोवर्धन यदु, मुरली मनोहर वर्मा, कैलाश गांधी, हरि मारखंडे, अनिल सिंह, अमजद खान, अजमेर बेग,द्वारिका शर्मा, गुलाब यदु, दाउद अहमद, विष्णु गोस्वामी, विक्रम वर्मा, गांधी राम निषाद, चिंता लाल आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे

### मुख्यमंत्री साय मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के 80 वें महाअधिवेशन में हुए शामिल

# दो सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 75 लाख रुपये देने की घोषणा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदा बाजार, 23 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय रविवार को ग्राम चांपा में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के 80 वें दो दिवसीय महाअधिवेशन में शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी डॉ.खूबचंद बघेल की पुण्य तिथि पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा समाज की विभूतियों और महान व्यक्तित्वों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का गजमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्राम नरदहा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 50 लाख रुपये तथा बलौदा बाजार में सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख रुपये की घोषणा की।




मुख्यमंत्री ने समाज को परिश्रमी, उन्नत कृषक एवं संगठित बताते हुए राज्य के विकास में उनके योगदान की सराहना की और 80वें महाअधिवेशन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री के गृह ग्राम चांपा में यह आयोजन हो रहा है, मुझे भी यहां आने का अवसर मिला , जो सौभाग्य की बात है। महाअधिवेशन समाज में मेल-मिलाप, समन्वय और सकारात्मक निर्णयों का माध्यम है, जिससे न केवल समाज बल्कि प्रदेश और देश को भी लाभ मिलता है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मनवा कुर्मी समाज छत्रपति शिवाजी महाराज, सरदार वल्लभ भाई पटेल, डॉ खूबचंद बघेल जैसे महान व्यक्तित्वों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज जी के जीवनी पर आधारित जीवंत नाटिका का मंचन किया जा रहा है जिसे अवश्य देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक बेहतर इंसान और सशक्त समाज के निर्माण का आधार है। समाज के प्रत्येक बेटा-बेटी को शिक्षा से जोड़ने के प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने महिला स्वरोजगार, युवा वर्ग के नशा मुक्ति अभियान तथा शिक्षा की व्यवस्था जैसे निर्णयों की प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने विगत दो वर्षों में प्रधानमंत्री की गारंटी को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्रदेश में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास पूर्ण किए गए हैं। इस वर्ष समर्थन मूल्य पर 25 लाख 24 हजार किसानों से 141 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया है तथा होली से पूर्व किसानों को अंतर की राशि लगभग 10 हजार करोड़ रुपये वितरित की जाएगी। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को अब तक 15 हजार करोड़ रुपये की राशि प्रदान की जा चुकी है।उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र में अब विकास की नई तस्वीर दिखाई दे रही है। पहली बार 45 गांवों में तिरंगा फहराया गया है। प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री के संकल्प के अनुरूप मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने की दिशा में सरकार दृढ़ता से कार्य कर रही है। नियद नेल्लार योजना के माध्यम से 400 गांवों में विकास कार्य हुए हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में दो वर्षों में उल्लेखनीय विकास हुआ है। किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की गई हैं। विकास में कोई कमी नहीं है। आज हर वर्ग खुशहाल है। राज्य समृद्धि की ओर अग्रसर है।

अधिवेशन में केंद्रीय अध्यक्ष श्री खोड़स राम वर्मा ने समाज द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समाज ने मृत्युभोज एवं कलेवा प्रथा को पूर्णतः बंद करने, विधवा विवाह को पुनः लागू करने, समारोहों में डीजे पर प्रतिबंध तथा प्री-वेडिंग कार्यक्रमों को समाप्त करने जैसे सामाजिक सुधार के निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि समाज छत्रपति शिवाजी महाराज, सरदार वल्लभ भाई पटेल,डॉ. खूबचंद बघेल के आदर्शों पर चलकर सामाजिक समरसता और प्रगतिशील सोच को आगे बढ़ा रहा है।

अधिवेशन में राजिम विधायक श्री रोहित साहू, बलौदा बाजार राजप्रधान श्रीमती सुनीता वर्मा, महामंत्री श्री यशवंत सिंह वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य श्री राहुल टिकरिहा सहित बड़ी संख्या में स्वजातीयजन और युवा उपस्थित थे।

## गिरौदपुरी मेला में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किए व्यापक सुरक्षा प्रबंध



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदा बाजार, 23 फरवरी।** गिरौदपुरी मेला आयोजित किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में गिरौदपुरी मेला के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु व्यापक स्तर पर सुरक्षा प्रबंध किया गया है, इस वर्ष गिरौदपुरी मेला में सुगम व्यवस्था के लिए मेला परिसर एवं समस्त आवश्यक स्थानों में बेरिकेडिंग की मजबूत व्यवस्था की गई है। जिसके तहत संपूर्ण परिसर को 06 सेक्टर में विभाजित किया गया है। सेक्टर-01 में मुख्य मंदिर, मुख्य मंच, गुरु निवास, मेला चौकी एवं जैतखाम परिसर की महत्वपूर्ण व्यवस्था रखी गई है। गिरौदपुरी मेले का सबसे महत्वपूर्ण भाग यही है, जिसमें दर्शन करने के लिए लोगों की सबसे ज्यादा भीड़ इन्हीं स्थलों में आती है। इसी प्रकार सेक्टर-02 में गिरौदपुरी के आउटर पॉइंट जैसे जन्मस्थली, नवीन रेस्ट हाउस, अमरगुफा का सुरक्षा कार्य संपादित किया जाएगा।

इसी प्रकार सेक्टर-03 में संपूर्ण छाता पहाड़, पंचकुंडी, जोंक नदी एनीकट की व्यवस्था को रखा गया है। जोन-04 में संपूर्ण मेला परिसर यातायात, मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था को रखा गया है। गिरौदपुरी मेला में यातायात एवं मार्ग व्यवस्था सबसे महत्वपूर्ण व्यवस्था में से एक है। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं, आमजनों को किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न ना हो, इसके लिए मेला में 20 से अधिक पार्किंग पॉइंट चिन्हांकित किए गए

## हेलीपेड पर मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदा बाजार, 23 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय रविवार को बाबा गुरू घासीदास जी के जन्मभूमि व तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में आयोजित संत समागम व गुरुदर्शन में शामिल होने पहुंचे। मुख्यमंत्री का जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय का कलेक्टर दीपक सोनी ने हेलीपेड पर अगवानी की और गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इसके साथ ही धर्मगुरू गुरु बालदास साहेब, राजिम विधायक रोहित साहु, पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने भी गुलदस्ता देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किये।

इस अवसर पर पूर्व सांसद गुहा राम अजगले, पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गिरौदपुरी में संत समागम एवं गुरुदर्शन मेले में हुए शामिल

# बाबा गुरु घासीदास का संदेश मानव को मानव से जोड़ने का है : मुख्यमंत्री साय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय रविवार को बाबा गुरु घासीदास जी की जन्मभूमि एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में आयोजित संत समागम एवं गुरुदर्शन मेला में शामिल हुए । उन्होंने पूज्य गुरुगद्दी का दर्शन एवं पूजा- अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि के लिये कामना की।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास के मनखे- मनखे एक समान के सन्देश मानव को मानव से जोड़ने वाला और सद्भाव व समरसता बढ़ाने वाला है। बाबा गुरु घासीदास जी के बताए मार्ग पर हमारी सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के द्वारा गिरौदपुरी के विकास के लिये सतत तत्पर है। विशाल जैतखाम निर्माण से लेकर अनेक सुविधाओं का विस्तार यहां किया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा किये गए जनसुविधा विस्तार की सराहना करते हुए कहा कि वेबसाईट और मोबाइल एप्प से भी मेले में उपलब्ध सुविधा की जानकारी श्रद्धालु ले सकते हैं। उन्होंने इस दौरान वहां चस्पा किये गए क्यूआर कोड को अपने मोबाइल से स्कैन कर जानकारी ली।



मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को किया प्रसाद वितरण- मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर मुख्य मंदिर का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया। मुख्यमंत्री के हाथों स्थानीय श्रद्धालु एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं प्रसाद ग्रहण कर उत्साहित हुए।

ज्ञातव्य है कि गिरौदपुरी में तीन दिवसीय संत समागम एवं गुरू दर्शन मेला 22 फ़रवरी से प्रारंभ होकर 24फ़रवरी 2026 तक चलेगा। इस मेले में प्रदेश सहित देश एवं विदेश से भी सतनाम पंथ के अनुयायी शामिल होते हैं।जिला प्रशासन द्वारा सुव्यवस्थित मेला आयोजन हेतु व्यापक तैयारी की गई है दाल भात केन्द्र संचालन हेतु 220 समूहों का चयन किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था हेतु 1150 पुलिस बल, 60 सीसीटीवी कैमरा, 9 हेल्थ कैम्प, 10 एम्बुलेंस,250 अस्थाई टेप नल कनेक्शन, 48 पानी टैंकर,550 सफाई कर्मचारी, 100 अस्थाई एवं 80 स्थाई शौचालय, 16 चलित शौचालय, 55 स्नानागार,18 विद्युत ट्रांसफार्मर,10 जनरेटर, 8 अग्निशमन वाहन,2 क्रेन की भी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर धर्मगुरू गुरु बालदास साहेब,गुरू सोमेश बाबा, गुरू सौरभ साहेब,जांजगीर-चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े, राजिम विधायक रोहित साहु, जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर श्री नवीन अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता,डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,पूर्व सांसद गुहा राम अजगले, पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि वरिष्ठ अधिकारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### खरोरा की प्रतिभा की धूम विदेशों तक

## पं अंजू पाण्डेय अश्रु को नेपाल से मिला मातृभाषा रत्न अंतर्राष्ट्रीय मानद उपाधि सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा** 21 फ़रवरी। खरोरा रायपुर की लोकप्रिय कवयित्री तथा समाज सेविकापं अंजू पाण्डेय अश्रु को नेपाल के काठमांडू में सम्मानित किया गया है। आज अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर नेपाल की प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा पं अंजू को मातृभाषा रत्न मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया है। नेपाल भारत मैत्री विकास, देवनागरी लिपि के संरक्षण संवर्द्धन, नेपाल भारत की मैत्री भाषा हिंदी/नेपाली के वैश्विक प्रचार प्रसार तथा देश विदेश के कवि, लेखक, साहित्यकार और शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर नेपाल, भारत सहित 5 देश के एक हजार प्रतिभाओं को मातृभाषा रत्न मानद उपाधि सम्मान, तथा मातृभाषा गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर अंचल कवयित्री, शिक्षिका, समाजसेवी पं अंजू जी को प्रशस्ति पत्र सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया है। उनकी अभी तक कई एकल साझा कृतियां प्रकाशित हुई तथा अनेक राज्यों में काव्यपाठ लिया तथा अंतर्राष्ट्रीय काव्य लेखन चैलेंज प्रतियोगिता भी जीत चुकी है,




अभी वे मातृभाषा, अवधी भाषा के संवर्धन के साथ रामायण के विभिन्न प्रसंगों काव्य लेखन कर रही है ।कई साहित्यिक तथा सामाजिक संस्थाओं से आबद्ध पं अंजू को दर्जनों प्रतिष्ठित सम्मान भी मिल चुके हैं। उन्हें मातृभाषा रत्न सम्मान की बधाई देते हुए संस्था के अध्यक्ष आनन्द गिरि मायालु ने कहा - शब्द प्रतिभा का उद्देश्य है प्रतिभाओं का प्रोत्साहन कर उनमें नव ऊर्जा का विकास करना इसी कड़ी में आज हमारी संस्था के द्वारा खरोरा छत्तीसगढ़ की लोकप्रिय, शिक्षिका एवं कवयित्री पं अंजू पाण्डेय का मातृभाषा रत्न अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित होना गौरव का विषय है। ज्ञात हो कि अश्रु एक कुशल लेखिका है इनकीज्वलंत विषयों लिखी कविताएं समाज को सकारात्मक संदेश देती है। बहुमुखी प्रतिभा की धनी पं जैसी प्रतिभाशाली रचनाकारों को राज्य की ओर से सम्मान प्रदान कर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। पं अंजू के सम्मान की खबर पाकर उनके परिजनों तथा मित्रों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### पीएससी प्रारंभिक परीक्षा में जिले के 1709 अभ्यर्थी हुए शामिल,440 अनुपस्थित




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 23 फरवरी।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल सर्विसेज प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 22 फ़रवरी 2026 किया गया । इस परीक्षा में जिले से 1709 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 440 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। डिप्टी कलेक्टर व नोडल अधिकारी अरुण कुमार सोनकर ने बताया कि परीक्षा आयोजन हेतु जिले में 7 केंद्र बनाए गए थे जिसमें डी के कॉलेज बलौदाबाजार, मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार, एमडीव्ही स्कूल बलौदाबाजार,पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल बलौदाबाजार, शासकीय महाविद्यालय लवन, पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल लवन एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल अर्जुनी शामिल रहे। परीक्षा हेतु कुल 2149 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था। जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई।

### पीडीएस भवन एवं सार्वजनिक भवन का लोकार्पण



**तिल्दा नेवरा 23 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदा बाजार विधानसभा के विधायक छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा के द्वारा तिल्दा शहर मंडल के अंतर्गत गांवों खपरी खुर्द, सतभावा, में पीडीएस भवन एवं सार्वजनिक भवन का लोकार्पण किया गया साथ ही 30 लाख की लागत से बन रहा माताओ और बहनों के सार्वजनिक कार्यों एवं सामाजिक कार्य के लिए महतारी सदन का निर्माण का भूमि पूजन किया गया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकला डद्य वर्मा ,जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे ,मनोज निषाद ,नरसिंग वर्मा ,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती स्वाति वर्मा भाजपा के कार्यकर्ताओं,एवं ग्रामीण जनो की गरिमामई उपस्थिति रही।

# गलती के बाद गलती कर रहे हैं राहुल गांधी

लोकतंत्र में कई मामलो में सही उसे ही माना जाता है जिसे बहुमत सही कहता है और गलत उसी माना जााता है जिसे बहुमत गलत कहता है। लोकतंत्र में सही और गलत की एक ही कसौटी होती है वह है बहुमत। इसलिए लोकतंत्र में जिनका यकीन होता है वह सही और गलत की इसी कसौटी का अंतिम कसौटी मानते हैं। बहुमत ने कह दिया कि यह गलत है तो वह लोकंतत्र में गलत ही माना जाएगा। कांग्रेस ने एआई ग्लोबल समिट में अपने युवा कांग्रेस के नेताओं को अर्धनग्न प्रदर्शन के लिए भेजकर ऐसा काम किया है जिसे कोई सही नही मान रहा है, विपक्षी गठबंधन के नेता भी उसे गलत मान रहे हैं। देश की जनता भी उसे गलत मान रही है, उसे गलत कह रही है। गुस्से में दिल्ली के भारत मंडपम में प्रदर्शन करने आए युका नेताओं की पिटाई भी की। राहुल गांधी की कांग्रेस उसे सही ठहरा रही है क्योंकि गलती तो हो चुकी है और इसके लिए राहुल गांधी को दोषी माना जा रहा है। क्योंकि राहुल गांधी कांग्रेस के सबसे बड़े नेता हैं, कांग्रेस में उनकी मर्जी के बिना पत्ता नहीं हिलता है तो इतना गंदा व शर्मनाक प्रदर्शन उनकी मर्जी के बिना हो नहीं सकता।सीधा मतलब है कि यह काम योजना बनाकर किया गया है तो इसकी अनुमति राहुल गांधी से ली गई होगी और राहुल गांधी की अनुमति के बाद यह शर्मनाक काम किया गया है। देश की छबि को वैश्विक स्तर पर धूमिल करने का प्रयास किया गया। पूरा देश जानता है कि राहुल गांधी देश को बरसों से विदेश में बदनाम करते रहे हैं,वह कहते रहे हैं कि देश में लोकतंत्र नहीं हैं, देश में संविधान खतरे में है।देश का चुनाव आयोग ने मोदी सरकार के इशारे पर काम करता है। सुप्रीम कोर्ट स्वतंत्र नहीं रह गया है, मीडिया मोदी के इशारे पर खबरें चलाता है. पत्रकार भाजपाई हो गए हैं।इस बार भी उनकी अनुमति से ही युवक कांग्रेस नेताओं ने देश की छबि दुनिया में खराब करने का प्रयास किया है। कोई भी राजनीतिक दल कोई काम जब सोच विचार कर करता है तो वह यही सोचकर करता है कि इससे उसको राजनीतिक रूप से लाभ होगा। एआई ग्लोबल समिट मे शर्मनाक प्रदर्शन करने का फैसला भी बहुत सोचसमझ कर लिया गया है। ऐसे में सवाल उठता है कि इससे कांग्रेस को क्या राजनीतिक फायदा हुआ है या हो सकता है। कांग्रेस के इस शर्मनाक प्रदर्शन पर सारे राजनीतिक दलो,देश की जनता की तरफ से जो प्रतिक्रिया आई है, उससे तो ऐसा लगता है कि कांग्रेस ने तो बहुत बड़ी राजनीतिक गलती कर दी और इस गलती की वजह से वह पूरे देश में अकेली हो गई है कोई राजनीतिक दल उसके साथ खड़े होने को तैयार नहीं है। क्योंकि आने वाले समय में कुछ राज्यों मे चुनाव है,ऐसे में कांग्रेस के साथ खड़े होने का मतलब है कि कांग्रेस की गलती को सही मानना है।जो भी युवा कांग्रेस के शर्मनाक गलती को सही मानेगा उसे चुनाव में राजनीतिक नुकसान होगा। इसलिए कोई राजनीतिक दल कांग्रेस के साथ खड़े न होकर उसकी गलती की गलती बता रहा है और खुद को कांग्रेस से अलग बता रहा है। वह देश को बता रहा है कि कांग्रेस की जैसी सोच है,हमारी सोच वैसी नहीं है। एआई ग्लोबल समिट कुछ कमियों के बाद भी एक ऐतिहासिक आयोजन साबित हुआ है। दुनिया के तमाम बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष, पीएम, बड़ी एआई कंपनियों को सीईओ आए थे और सबने भारत की एआई के लिए की गई पहल का स्वागत किया और एआई के क्षेत्र में भारत पर भरोसा कर २५ लाख करोड़ रुपए निवेश करने की घोषणा की है, यह बहुत बडी़ बात है। इसी से साबित होता है कि यह आयोजन पूरी तरह अपने मकसद मे सफल रहा है. पीएम मोदी का कद तो वैसे ही ग्लोबल तौर पर ऊंचा है, इस आयोजन से उनका कद और ऊंचा हुआ है तथा वह ग्लोबल साउथ के एकमात्र बड़े नेता के तौर पर उभर कर आए है, ऐसे नेता के तौर पर उभर कर आए है जिस पर दुनिया के ज्यादातर देश भरोसा करते हैं और मानते हैं कि पीए मोदी के साथ रहने से उनके देश को फायदा होगा।पीएम मोदी ने एआई को यह कहकर नई दिशा दी है कि इसे लोकतांत्रिक बनाकर इसका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाया जाना चाहिए। पीएम मोदी की इस सोच की सभी लोकतांत्रिक ताकतों ने सराहना की है। इससे लोकतांत्रिक नेता के रूप मे उनका कद और ऊंचा हुआ है, यही बात राहुल गांधी को सबसे ज्यादा नागवार गुजरी और उन्होंने समिट और मोदी को असफल करने के लिए युकां को शर्मनाक प्रदर्शन करने भेजा इससे मोदी का कद तो छोटा नहीं हुआ है राहुल गांधी का कद मोदी के सामने और छोटा हो गया है तथा अब कोई भी उन्हें मोदी का विकल्प तो मान ही नहीं सकता। गलती के बाद गलती करके राहुल गांधी कांग्रेस और अपना राजनीतिक नुकसान कर रहे हैं। उनके इसी तरह के कई कामों के कारण यह कहा जाता है कि वह देश के लिए हानिकारक है। कांग्रेस के लिए भी हानिकारक हैं।

## विदेश

# अमेरिका-ईरान जंगी तनाव

**किशन सनमुखदास भावनानीं**



वैश्विक स्तरपर आज के वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में एक स्पष्ट प्रवृत्ति दिखाई देती है, दुनियाँ भर के नागरिक और मतदाता युद्ध की राजनीति से अधिक अपनी आर्थिक सुरक्षा, महंगाई,रोजगार,ऊर्जा कीमतों और रोजमर्रा के खर्चों को प्राथमिकता देने लगे हैं।लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में यह बदलाव और भी तीखा है, क्योंकि वहां चुनावी परिणाम सीधे जनभावनाओं से प्रभावित होते हैं।जब भी किसी महाशक्ति के सामने युद्ध या सैन्य टकराव का विकल्प आता है, तो उसके भीतर यह प्रश्न उठता है कि क्या यह कदम घरेलू राजनीतिक हितों,आर्थिक स्थिरता और जनसमर्थन के अनुरूप है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि, इसी संदर्भ में डोनाल्ड ट्रम्प का ईरान के प्रति सख्त रुख और मध्य पूर्व में सैन्य जमावड़ा एक महत्वपूर्ण अध्ययन का विषय बन जाता है,विशेषकर तब जब अमेरिका में मध्यावधि चुनाव नजदीक हों और मतदाता महंगाई व जीवन- यापन की लागत से जूझ रहे हों।अमेरिकी राजनीति में लंबे समय से यह बहस चलती रही है कि विदेश नीति और घरेलू अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए। यूनाइटेड स्टेट्स के मतदाताओं ने पिछले दो दशकों में अफगानिस्तान और इराक जैसे युद्धों के दीर्घकालिक प्रभावों को देखा है। इन युद्धों ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर भारी वित्तीय बोझ डाला और हजारों सैनिकों की जान ली। इसी पृष्ठभूमि में फॉरएवर वॉर्स को समाप्त करने का नारा लोकप्रिय हुआ। ट्रंप की राजनीतिक पहचान भी आंशिक रूप से इसी वादे पर टिकी रही कि वे अमेरिका को अनावश्यक विदेशी युद्धों से दूर रखेंगे। ऐसे में यदि ईरान के साथ संभावित टकराव लंबा खिंचता है, तो यह उनके समर्थक आधार में असंतोष पैदा कर सकता है, खासकर तब जब महंगाई और ऊर्जा कीमतें पहले से ही चिंता का विषय हों।दूसरी ओर ईरान की रणनीति को केवल सैन्य शक्ति के चश्मे से नहीं देखा जा सकता। ईरान की राजनीतिक व्यवस्था वैचारिक रूप से प्रतिरोध की अवधारणा पर आधारित है। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ईरान ने स्वयं को पश्चिमी दबाव के विरुद्ध खड़े राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत किया है।इसीलिए सार्वजनिक रूप से अमेरिकी दबाव के आगे झुकना उसके नेतृत्व के लिए केवल कूटनीतिक निर्णय नहीं, बल्कि वैचारिक पराजय के रूप में देखा जा सकता है। ईरानी नेतृत्व यह समझता है कि यदि वह कठोर रुख अपनाता है, तो घरेलू स्तरपर राष्ट्रवादी समर्थन मजबूत होगा और क्षेत्रीय सहयोगियों के बीच उसकी विश्वसनीयता बनी रहेगी। इस पूरी स्थिति को समझने के लिए मेरे द्वारा तैयार किए गए कुछ प्रश्नों के संभावित उत्तरों का अध्ययन कर इसका निष्कर्ष निकलना होगाअब मूल प्रश्नों क़ी हम हर पैराग्राफ में चर्चा करेंगे

साथियों बात अगर हम यदि अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध होता है तो क्या पूरा मध्य पूर्व जंग का मैदान बन जाएगा? इसको समझने की करें तो इस प्रश्न का उत्तर सरल हाँ या नहीं में नहीं दिया जा सकता,परंतु संभावना अत्यंत प्रबल है कि संघर्ष केवल द्विपक्षीय न रहे। ईरान के पास प्रत्यक्ष पारंपरिक सैन्य क्षमता के अलावा प्रॉक्सी नेटवर्क है, इराक, सीरिया, लेबनान और यमन में उससे जुड़े समूह सक्रिय हैं। यदि सीधा युद्ध छिड़ता है, तो ये समूह अमेरिकी ठिकानों और उसके सहयोगियों को निशाना बना सकते हैंविशेष रूप से इजरायल,सऊदी अरब और खाड़ी देशों की सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है। फारस की खाड़ी और होरमुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति का महत्वपूर्ण मार्ग हैं;वहां किसी भी सैन्य टकराव से ऊर्जा बाजारों में उथल-पुथल हो सकती है, जिसकासटीकता से प्रभाव वैश्विक महंगाई पर पड़ेगा। साथियों बात अगर हम क्या अमेरिका-ईरान युद्ध तय माना जा रहा है? इसको समझने की करें तो, अंतरराष्ट्रीय राजनीति में तय जैसा शब्द शायद ही कभी सटीक होता है। दोनों देशों के बीच दशकों से तनाव है, परंतु पूर्ण युद्ध कई बार टला भी है। कूटनीति, बैक-चैनल वार्ता, क्षेत्रीय मध्यस्थता और वैश्विक शक्तियों का दबाव अक्सर सीधे युद्ध को रोकने में भूमिका निभाते हैं।अमेरिका यह जानता है कि ईरान के साथ खुला युद्ध केवल सैन्य नहीं, बल्कि आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से भी भारी पड़ेगा। वहीं ईरान भी जानता है कि अमेरिकी सैन्य क्षमता उससे कई गुना अधिक है। इसलिए दोनों पक्ष सीमित टकराव या नियंत्रित तनाव की रणनीति अपनाते हैं, जिससे शक्ति प्रदर्शन भी हो और पूर्ण युद्ध से बचाव भी। साथियों बात अगर हम क्या दुनियाँ तीन गुटों में बंट सकती है? इसको समझने की करें तो शीत युद्ध के समय जैसा स्पष्ट द्विध्रुवीय या त्रिध्रुवीय विभाजन आज नहीं है, लेकिन रणनीतिक ध्रुवीकरण बढ़ रहा है। अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी-यूरोपीय देश,जापान,ऑस्ट्रेलिया आम तौर पर उसके साथ खड़े होते हैं, जबकि ईरान को रूस और चीन से कुछ हद तक राजनीतिक या आर्थिक समर्थन मिल सकता है। परंतु यह समर्थन पूर्ण सैन्य गठबंधन में बदल जाए, यह निश्चित नहीं। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था इतनी परस्पर जुड़ी हुई है कि अधिकांश देश व्यापक युद्ध से बचना चाहते हैं। इसलिए तीन गुटों में बंटना एक अतिशयोक्ति पूर्ण आशंका हो सकती है, पर ध्रुवीकरण और क्षेत्रीय संरेखण अवश्य तेज हो सकते हैं।

साथियों बात अगर हम क्या ईरान वास्तव में अमेरिकाका मुकाबला कर सकता है? इसको समझने की करें तो पारंपरिक सैन्य शक्ति की तुलना में अमेरिका कहीं अधिक शक्तिशाली है वायुसेना, नौसेना, साइबर क्षमता और वैश्विक तैनाती के मामले में उसकी बढ़त स्पष्ट है। लेकिन युद्ध केवल टैंकों और विमानों से नहीं जीते जाते; असममित युद्ध में कमजोर पक्ष भी लंबे समय तक प्रतिरोध कर सकता है। ईरान की मिसाइल क्षमता, ड्रोन तकनीक,साइबर हमले की संभावनाएँ और प्रॉक्सीसमूहों का नेटवर्क उसे प्रतिरोध की शक्ति प्रदान करते हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि वह अमेरिका को निर्णायक रूप से हरा सकता है,पर वह संघर्ष को महंगा,लंबा और राजनीतिक रूप से असुविधाजनक बना सकता है। साथियों बात अगर हम क्या अमेरिका का युद्ध से पीछे हटना उसकी वैश्विक छवि को ठेस पहुंचाएगा? इसको समझने की करें तो, यह प्रश्न जटिल है। एक दृष्टिकोण कहता है कि यदि अमेरिका कड़े बयान के बाद पीछे हटता है,तो उसकी डिटरेंस क्षमता कमजोर पड़ सकती है और विरोधी उसे अनिश्चित मान सकते हैं।दूसरा दृष्टिकोण यह है कि अनावश्यक युद्ध से बचना परिपक्व नेतृत्व का संकेत है। आज की दुनियाँ में आर्थिक शक्ति, तकनीकी नेतृत्व और कूटनीतिक प्रभाव भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितनी सैन्य क्षमता। यदि पीछे हटना रणनीतिक गणना का हिस्सा हो और उसे कमजोरी के बजाय विवेक के रूप में प्रस्तुत किया जाए, तो इससे छवि पर स्थायी आघात जरूरी नहीं।

साथियों बात अगर हम ईरान अमेरिकी दबाव में झुकने की अपेक्षा युद्ध को प्राथमिकता क्यों देता प्रतीत होता है? इसको समझने की करें तो इसके पीछे कई परतें हैं।पहली, वैचारिक-क्रांतिकारी पहचान और प्रतिरोध की धुरी का नैरेटिव। दूसरी रणनीतिक-यदि वह झुकता है तो क्षेत्रीय सहयोगियों और घरेलू समर्थकों के बीच उसकी विश्वसनीयता कम हो सकती है।तीसरी, राजनीतिक- बाहरी खतरा अक्सर आंतरिक असंतोष को कम करने में मदद करता है।चौथी, मनोवैज्ञानिक- शक्ति संतुलन में यदि कमजोर पक्ष पूरी तरह झुक जाए, तो भविष्य में उसके साथ और कठोर शर्तें जोड़ी जा सकती हैं। इसलिए सीमित टकराव के माध्यम से वह यह संदेश देना चाहता है कि वह पूरी तरह असहाय नहीं है।

यदि फारस की खाड़ी में संघर्ष बढ़ता है, तो तेल कीमतों में उछाल आएगा, जिससे अमेरिका सहित पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ सकती है। ऐसे में मतदाता सरकारों से युद्ध नहीं, बल्कि स्थिरता और आर्थिक राहत की अपेक्षा रखते हैं। यही कारण है कि अमेरिका के भीतर भी कई रणनीतिकार चुनाव से पहले सैन्य विस्तार के जोखिमों को लेकर सतर्कता की सलाह देते हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि अमेरिका-ईरान तनाव केवल दो देशों के बीच शक्ति प्रदर्शन नहीं,बल्कि वैश्विक राजनीति, क्षेत्रीय संतुलन,ऊर्जा सुरक्षा और घरेलू लोकतांत्रिक प्राथमिकताओं का जटिल संगम है। युद्ध की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता,पर उसे अनिवार्य भी नहीं माना जा सकता।दोनों पक्ष अपनी- अपनी सीमाओं और क्षमताओं को जानते हैं। दुनियाँ तीन स्पष्ट गुटों में बंटे,यह निश्चित नहीं,पर ध्रुवीकरण बढ़ सकता है। ईरान अमेरिका को परास्त करने की स्थिति में नहीं, पर संघर्ष को महंगा बना सकता है। और अमेरिका यदि रणनीतिक कारणों से पीछे हटता है,तो उसे कमजोरी नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण संतुलन के रूप में भी देखा जा सकता है। अंततः लोकतंत्रों में मतदाता की प्राथमिकता-रोजगार, महंगाई, सुरक्षा और स्थिरता ही नीति की दिशा तय करती है, और यही तत्व भविष्य की किसी भी संभावित टकराव की वास्तविक सीमा निर्धारित करेंगे।

## राशिफल

मेष राशि : आज आपका सोचा हुआ काम पूरे होंगे। परिवार के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा। आपको माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आप नया काम शुरू करने की योजना बनायेंगे, आगे चलकर इससे आपको फायदा होगा। इस राशि के छात्रों के सफलता का स्तर अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा रहेगा। अचानक किसी स्रोत से आपको धन लाभ होगा। आज अधिकारी वर्ग आपसे प्रसन्न रहेंगे। आज आप अध्यात्म की बुक पढ़कर अपना समय बितायेंगे।

वृष राशि : आज आपको इनकम में बढ़ोतरी के लिये किसी की मदद मिल सकती है। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। जीवनसाथी किसी काम के लिये आपकी तारीफ कर सकते है, इससे आपका मन खुश रहेगा। शाम को किसी दूर के रिश्तेदार से फ़ोन पर बात हो सकती है। काम को लेकर आपकी कई योजनाएं आज समय से पूरी हो जायेंगी। आपको बड़ी सफलता मिलने का योग बना हुआ है। आज घर के सदस्यों में आपसी सौहार्द बेहतर बनेगा। लवमेट एक दूसरे को कुछ गिफ्ट देने का वादा करेंगे, इससे रिश्ते में और मधुरता बढ़ेगी।

मिथुन राशि : आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे। आपकी फिटनेस बनी रहेगी। आप जीवनसाथी की किसी काम में मदद करेंगे। जीवन में आगे बढने के नए रास्ते अपने आप खुलते जायेंगे। कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बने हुए हैं। आपका नया कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा। इस राशि के मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। महिलाओं के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, कार्यों में परिवार के लोगों का सहयोग मिलेगा।

कर्क राशि : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आर्थिक उतार-चढ़ाव की स्थितियां देखने को मिलेगी। व्यापार की गति ठहरने से किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे, जिससे जल्द ही सबकुछ अच्छा हो जायेगा। आज माता-पिता के साथ रिश्ते और बेहतर होंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मन बनायेंगे। लवमेट आज लंच करने किसी अच्छे रेस्टोरेंट में जायेंगे। बच्चे आज आपसे किसी खिलौने की जिद्द कर सकते है। आप भी उन्हें निराश नहीं करेंगे। आज अचानक आपके दोस्त आपसे मिलने आपके घर आ सकते है।

सिंह राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। घर में भाई-बहन की मदद से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। करियर में आपको सफलता मिलेगी। अनियमित दिनचर्या के कारण थोड़ा आलस्य और थकान बना रहेगा। आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए। परिवार के सुख-सौभाग्य में बढ़ोतरी होगी। जीवनसाथी के साथ ज्यादा समय बिताने की कोशिश करेंगे। आज आपके सहकर्मी किसी कार्य को पूरा करने के लिए आपसे फोन पर राय लेंगे। सरकारी विभाग में कार्यरत लोगों का ट्रांसफर उनके मन पसंद जगह पर होगा।

कन्या राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। मित्र आपसे सहयोग के लिए कह सकता है, आप उनकी हर संभव मदद करेंगे। परिवार में सभी सदस्यों के साथ आपसी सामंजस्य बना रहेगा। आप जिस किसी काम को करने का प्रयास करेंगे, उस काम में आपको अच्छी कामयाबी मिलेगी। दाम्पत्य जीवन में नयी-नयी खुशियां आयेगी। आज बच्चें घर में उधम-कूद करेंगे। उनकी शैतानियों से आप परेशान हो सकते है।

तुला राशि : आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। माता-पिता का स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से आपको बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं। प्रभावशाली लोगों से फोन पर बात होने की संभावना है। निवेश के मामले में आपको नई सलाह मिलेगी। परिवारवालों के साथ मिलकर किये गए कामों में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। लवमेट आज घर पर अपनी शादी की बात करेंगे, घरवाले आपके रिश्ते से सहमत होंगे।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपको मानसिक उलझनों से मुक्ति मिलेगी, जिससे काफी राहत महसूस करेंगे। परिवारजनों के साथ खुशियों के पल बितायेंगे। दाम्पत्य रिश्ते में मजबूती आयेगी। आज किसी प्रकार की नई बात आपको सीखने को मिलेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। इस राशि के साहित्य से जुड़े लोगों को आज बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आज आप करियर में नए आयाम स्थापित करेंगे। नौकरी पेशा वाले लोगों का पदोन्नति होने के योग बन रहे है।

धनु राशि : आज आपका दिन ख़ुशी से भरा रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में आपका मन लगेगा। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। आज आप घरेलू काम को निपटाने में सफल रहेंगे। सही योजना के तहत अपने करियर में बदलाव लायेंगे। सेहत के मामले में आप खुद को फीट महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा करने का प्लान बनायेंगे। लवमेट के रिश्ते में आज नयापन आयेगा। कई दिनों से चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी।

मकर राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। आज आप अपना काम समय से पूरा कर लेंगे। अगर नया काम शुरू करना चाहते है, तो फिलहाल कुछ दिनों के लिए रुक जाना अच्छा रहेगा। परिवार के मामले में बड़ा फैसला लेने से पहले सबकी बात आपको जरूर सुनना चाहिए। कुछ चीज़ों में आपको लोगों से उलझने से बचना चाहिए। संतान से आपको सहयोग मिलेगा। दोस्तों के साथ रिश्ते बेहतर होगे। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

कुंभ राशि : आज आपको अच्छी खबर मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। लम्बे समय से चल रहा किसी कोर्ट-कचहरी के मामले को निपटने के लिए किसी ख़ास दोस्त से फ़ोन पर राय लेंगे। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। कारोबार में तरक्की के योग बन रहे है। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सराहना होगी। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। करियर में आगे बढने के नए अवसर सामने आएंगे। रोजमर्रा के कामों में फायदा होगा। आज आपकी बातों से परिवार के लोग सहमत रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में खुशियाँ आने से आपके चेहरे पर ख़ुशी होगी।

मीन राशि :आज आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। अध्यात्म के प्रति लगाव बढ़ेगा। जीवनसाथी के सहयोग से काम पूरे हो जायेंगे। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज ननिहाल पक्ष से खुशखबरी मिलेगी। आप लोगों को अपनी बातें समझाने में सफल होंगे। आज बात करते समय अपनी भाषा पर ध्यान दें, नहीं तो किसी से अनबन हो सकती है। आपकी दिनचर्या में बदलाव आने से आज कुछ कार्यों को पूरा करने में समय लगेगा। आज पिता के सेहत में सुधार होगा। कुल मिलाकर आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

## सू- दोकू क्र.325

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.324का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## शब्द सामर्थ्य -325

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 324 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

## चर्चित मुद्दा

# क्या ग्रेट निकोबार बनेगा भारत का सिंगापुर, या टूटेगा पर्यावरणीय संतुलन?

**अजय कुमार**



अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का सबसे दक्षिणी द्वीप ग्रेट निकोबार आज भारत की रणनीतिक, आर्थिक और पर्यावरणीय बहस का केंद्र बन चुका है। करीब 90 हजार करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल से मंजूरी मिलने के बाद यह सवाल और गहरा हो गया है कि क्या भारत विकास और संरक्षण के बीच संतुलन साध पाएगा। ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश में कहा है कि परियोजना को दी गई पर्यावरणीय स्वीकृति में पर्याप्त सुरक्षा उपाय शामिल हैं और इसे रोका नहीं जा सकता, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि हर शर्त का कड़ाई से पालन अनिवार्य होगा। ग्रेट निकोबार द्वीप भारत का सबसे दक्षिणी बड़ा द्वीप है और भौगोलिक दृष्टि से इसकी स्थिति असाधारण मानी जाती है। यह द्वीप मलक्का जलडमरूमध्य से करीब 35 से 40 नॉटिकल मील की दूरी पर स्थित है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठनों और शिपिंग डेटा के मुताबिक, दुनिया के कुल समुद्री व्यापार का लगभग 30 से 40 प्रतिशत हिस्सा इसी जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। चीन के कुल ऊर्जा आयात का करीब 60 प्रतिशत और जापान तथा दक्षिण कोरिया के व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते पर निर्भर है। यही वजह है कि इसे हिंद महासागर क्षेत्र की सबसे अहम 'चोक पॉइंट' माना जाता है। भारत के लिए यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अभी तक देश के पास इस इलाके में कोई बड़ा ट्रांसशिपमेंट हब नहीं है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारत का करीब 75 प्रतिशत कंटेनर ट्रांसशिपमेंट विदेशी बंदरगाहों जैसे सिंगापुर, कोलंबो और पोर्ट क्लांग के जरिए होता है। इससे न केवल समय बढ़ता है, बल्कि लॉजिस्टिक्स लागत भी 10 से 15 प्रतिशत तक ज्यादा हो जाती है। रिजर्व बैंक और शिपिंग मंत्रालय से जुड़े अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि उच्च लॉजिस्टिक लागत के कारण भारत की मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट प्रतिस्पर्धा प्रभावित होती है।इसी कमी को दूर करने के लिए ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट को गेमचेंजर बताया जा रहा है। यह परियोजना लगभग 166 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली होगी। इसमें गैलेथिया बे पर अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांस शिपमेंट टर्मिनल, ड्यूल यूज सिविल-मिलिट्री एयरपोर्ट, 450 मेगावॉट का गैस और सौर ऊर्जा आधारित पावर प्लांट और एक नई इंटीग्रेटेड टाउनशिप शामिल है। सरकारी दस्तावेज बताते हैं कि सिर्फ पोर्ट परियोजना पर करीब 40,040 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। पहले चरण में 18,000 करोड़ रुपये की लागत से 2028 तक इसे चालू करने का लक्ष्य है। शुरुआती क्षमता 4 मिलियन टीईयू से अधिक होगी, जबकि पूरी तरह विकसित होने पर यह क्षमता 16 मिलियन टीईयू तक पहुंच सकती है। अगर इन आंकड़ों की तुलना की जाए तो भारत का कुल कंटेनर ट्रैफिक 2020 में करीब 17 मिलियन टीईयू था, जबकि चीन का आंकड़ा 245 मिलियन टीईयू से अधिक रहा। यह अंतर साफ दिखाता है कि भारत को अपने समुद्री इंफ्रास्ट्रक्चर में कितनी बड़ी छलांग की जरूरत है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर बड़े कंटेनर जहाज सीधे ग्रेट निकोबार पर रुकने लगते हैं, तो छोटे फीडर जहाजों के जरिए देश के पूर्वी और पश्चिमी तट के



बंदरगाहों तक माल पहुंचाना आसान होगा। इससे ट्रांजिट टाइम में कई दिन की बचत हो सकती है और लागत में भी उल्लेखनीय कमी आएगी।रणनीतिक दृष्टि से यह परियोजना भारत की समुद्री सुरक्षा को नई मजबूती दे सकती है। रक्षा विश्लेषकों के अनुसार ग्रेट निकोबार का विकास हिंद महासागर क्षेत्र में निगरानी, खुफिया गतिविधियों और त्वरित सैन्य प्रतिक्रिया की क्षमता को बढ़ाएगा। आपदा प्रबंधन और मानवीय सहायता अभियानों के लिहाज से भी यह द्वीप एक अहम बेस बन सकता है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ती सामरिक हलचलों के बीच भारत के लिए यह एक अतिरिक्त बढ़त के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन जितनी बड़ी इसकी रणनीतिक और आर्थिक अहमियत है, उतनी ही गहरी इसकी पर्यावरणीय चुनौतियां भी हैं। ग्रेट निकोबार एक बायोस्फीयर रिजर्व है, जहां घने वर्षावन, मैंग्रोव, कोरल रीफ और कई दुर्लभ प्रजातियां पाई जाती हैं। पर्यावरण आकलनों के मुताबिक परियोजना के लिए 8.5 लाख से लेकर 50 लाख से ज्यादा पेड़ों की कटाई की आशंका जताई गई है। यह इलाका लेदरबैक समुद्री कछुओं के सबसे महत्वपूर्ण प्रजनन स्थलों में से एक है। इसके अलावा निकोबार मेगापोड पक्षी, खारे पानी के मगरमच्छ, निकोबार मकाक और रॉबर क्रैब जैसी प्रजातियों पर भी खतरे की बात कही जा रही है यही वजह है कि इस परियोजना को लेकर राजनीतिक और सामाजिक विरोध भी सामने आया। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत कई पर्यावरणविदों ने आरोप लगाया कि परियोजना में पर्यावरण और स्थानीय समुदायों के भविष्य को नजरअंदाज किया गया है। उनका कहना रहा कि क्लाइमेट चेंज के दौर में समुद्र स्तर बढ़ रहा है और ऐसे में इतने बड़े तटीय इंफ्रास्ट्रक्चर का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। ग्रेट निकोबार सिर्फ जैव विविधता का केंद्र नहीं है, बल्कि शोंपेन और निकोबारी जैसी जनजातियों का भी घर है। खासतौर पर शोंपेन जनजाति की आबादी 200 से 300 के बीच बताई जाती है और उन्हें दुनिया की सबसे संवेदनशील आदिवासी जनजातियों में गिना जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि बड़े पैमाने पर बाहरी आबादी के आने से उनकी पारंपरिक जीवन शैली, संस्कृति और अस्तित्व पर गंभीर असर पड़ सकता है। सरकार का दावा है कि आदिवासी अधिकारों की रक्षा के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं और उनके क्षेत्रों में न्यूनतम हस्तक्षेप होगा, लेकिन इस पर लगातार निगरानी की मांग की जा रही है।एनजीटी ने अपने आदेश में पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई सख्त निर्देश दिए हैं। इनमें मैंग्रोव पुनर्स्थापन, कोरल ट्रांसलोकेशन, तटरेखा संरक्षण, वन्य जीवों के प्रजनन स्थलों की सुरक्षा और आदिवासी हितों की रक्षा शामिल है। ट्रिब्यूनल ने यह भी साफ किया है कि आईलैंड कोस्टल रेगुलेशन जोन नियमों का किसी भी स्तर पर उल्लंघन स्वीकार नहीं किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई की जाएगी। कुल मिलाकर, ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट भारत के सामने एक बड़ी परीक्षा है। एक तरफ राष्ट्रीय सुरक्षा, समुद्री शक्ति और आर्थिक विकास की जरूरत है, तो दूसरी तरफ पर्यावरण संतुलन और स्थानीय समुदायों की रक्षा की जिम्मेदारी। आने वाले वर्षों में यह परियोजना किस दिशा में आगे बढ़ती है, यही तय करेगा कि ग्रेट निकोबार भारत के लिए अगला सिंगापुर बनता है या विकास और संरक्षण की टकराहट का सबसे बड़ा उदाहरण। फिलहाल इतना तय है कि यह द्वीप अब सिर्फ भारत का सबसे दक्षिणी भूभाग नहीं, बल्कि देश की समुद्री राजनीति और दीर्घकालिक रणनीति का केंद्र बन चुका है।

## एक नजर

### कुरकुंज के जंगल से जवानों ने किया 5 किलो का आईईडी बरामद



**कांकेर, 23 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के कोइलीबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुरकुंज के जंगल पहाड़ी क्षेत्र में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सर्च ऑपरेशन पर निकले सुरक्षाबलों के जवानों ने आज रविवार को 5 किलोग्राम वजनी आईईडी बरामद कर उसे मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीएसएफ और पुलिस की संयुक्त टीम कांकेर-नारायणपुर सीमावर्ती इलाके में गश्त कर रही थी। कोइलीबेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कुरकुंज के जंगल पहाड़ी क्षेत्र में जवानों को यह आईईडी मिला, जिसे नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए लगाया था। बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आईईडी को सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया। इस कार्रवाई से एक संभावित बड़े खतरे को टाल दिया। विदित हो कि सुरक्षाबल आत्मसमर्पण कर चुके नक्सलियों से मिली जानकारी के आधार पर जंगलों में लगाये गये आईईडी का पता लगाने के लिए लगातार अभियान चला रहे हैं। पिछले दो महीनों में, इस इलाके से 15 से अधिक आईईड बरामद कर निष्क्रिय किए जा चुके हैं।यह अभियान क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

### दसपुर का दो दिवसीय बगरुम मेला 27 फरवरी से



**कांकेर, 22 फ़रवरी ।** जिले के ग्राम दसपुर में दो दिवसीय बगरूम मेला का आयोजन 27 फरवरी से किया जाएगा। मेला के पहले दिन 10 गांवों से देवी-देवताश शामिल होंगे। इसके साथ ही शहर से भी देवी- देवता शामिल होंगे । 27 फरवरी को रात में बालोद जिला के ग्राम निपानी का गोपाल, बलराम नाचा पार्टी का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। उक्त जानकारी सरपंच सूर्या नेताम ने दी।

### मानसिक स्वास्थ्य जिला समन्वयक के लिए आवेदन आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 23 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार नीति आयोग एवं भारत सरकार के स्वीकृति आदेश के तहत आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत दंतेवाड़ा जिला में जिला समन्वयक (मानसिक स्वास्थ्य) का एक पद रिक्त है। उक्त पद की पूर्ति आउटसोर्सिंग प्रक्रिया के माध्यम से की जानी है, जिसके लिए आउटसोर्सिंग एजेंसी, फर्म, एनजीओ के चयन हेतु निर्धारित प्रारूप में रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। इच्छुक आवेदक अपना आवेदन सीलबंद लिफाफे में 05 मार्च 2026 को अपराह्न 3 बजे तक कार्यालय जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दंतेवाड़ा के आवक-जावक शाखा में जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों को उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अध्यक्ष एवं गठित समिति के समक्ष खोला जाएगा।

### प्रधानमंत्री धन्य-धान्य योजना से किसान आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे

**दंतेवाड़ा, 23 फरवरी।** प्रधानमंत्री धन्य-धान्य योजना के तहत जिले में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए भैरमबंद में प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में 15 महिलाएं भाग ले रही हैं और योजना के अंतर्गत कुल 100 किसानों को लाभ मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद प्रत्येक प्रतिभागी को छह मधुमक्खी बॉक्स प्रदान किए जाएंगे, जिनमें वैज्ञानिक तरीके से शहद उत्पादन किया जा सकेगा। हर बॉक्स में आठ मधुखंड (फ्रेम) होंगे और प्रत्येक फ्रेम से लगभग 500 ग्राम शहद प्राप्त होने की संभावना है। इसका मतलब है कि एक बॉक्स से करीब चार किलो शहद उत्पादन संभव है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को (भारतीय, एशियाई मधुमक्खी) के पालन की जानकारी दी जा रह है।

# सुकमा की 33 पंचायतों में मिशन कनेक्ट पर प्रभावी अमल किया जा रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 23 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के अंत्योदय की कल्याण एवं सुशासन की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में सुकमा जिले में शुरू हुआ मिशन कनेक्ट का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से शासन और आमजन के बीच की दूरी को कम करते हुए प्रशासनिक अमला सीधे ग्राम पंचायतों तक पहुँचकर योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति का आकलन कर रहा है। शनिवार को जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान के तहत सुकमा विकासखंड की 33 ग्राम पंचायतों में एक साथ अधिकारियों ने दस्तक दी गई। कलेक्टर के नेतृत्व में जिला स्तरीय अधिकारियों ने प्रातः 10 बजे से ही निर्धारित पंचायतों में पहुँचकर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की।



अभियान के अंतर्गत स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा बच्चों को प्रदत्त मध्यान्ह भोजन एवं पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता का स्वयं परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य संस्थानों में दवाओं की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर तथा स्वच्छता का भी मुआयना किया गया। इसके साथ ही पंचायतों में संचालित निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति का अवलोकन कर गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

मैदानी भ्रमण के उपरांत तुंगल बांध में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रत्येक पंचायत से प्राप्त प्रतिवेदन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुँच सके। इस अवसर पर डीएफओ श्री अक्षय भोंसले, मिशन कनेक्ट के नोडल अधिकारी श्री रविशंकर वर्मा, जनपद पंचायत सीईओ सुश्री निधि प्रधान, एसडीपीओ श्री परमेश्वर तिलकवार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। यहां यह उल्लेखनीय है कि सुकमा जिले में मिशन कनेक्ट के माध्यम से प्रशासनिक जवाबदेही एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करते हुए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ सुदूर वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुँचे।

नपा परिषद में अपनाई जा रही भाई-भतीजावाद की नीति

# परिजनों व करीबियों को फायदा पहुंचाने के एजेंडे पर काम कर रहे अध्यक्ष,उपाध्यक्षः इंदिरा शर्मा

- जनहित के मुद्दे को दरकिनार कर, लूट खसोट में लगे हैं अध्यक्ष,उपाध्यक्ष
- नपा पालिका अध्यक्ष पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष का गंभीर आरोप





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 23 फरवरी।** नगर पालिका की विवादित कार्यशैली से लोग परेशान हो चुके हैं। नगरवासियों ने बड़ी उम्मीद से दुसरी बार यहां पायल गुप्ता को अध्यक्ष चुनकर भेजा था लेकिन यहां हर काम उल्टा हो रहा है। पालिका अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की जुगलबंदी ने पुरे पालिका परिषद को बदनाम कर रखा है। यहां भाई भतीजावाद की नीति पर काम हो रहा है। अपने परिजनों को अथवा भाजपा से जुड़े करीबियों को फायदा पहुंचाने की जुगत में अध्यक्ष उपाध्यक्ष लगे हैं। जनता के हित में यहां कोई काम नहीं हो रहा। पालिका सीएमओ भी उनके इस कुकृत्य में पीछे से उनका साथ दे रहे हैं। कुल मिलाकर पालिका के तीन प्रमुख लोग जिनके कांधों पर ही नगर के विकास की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है वे ही जनता के हितों को नजर अंदाज कर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं ऐसे में नगर विकास एवं नगरवासियों की समस्याओं का समाधान कौन करेगा? उक्त बातें जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने नपा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाते सवाल खड़े किया है।

जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने नगर पालिका प्रशासन पर कई और आरोप भी लगाया है। उन्होने कहा कि पालिका चुनाव के करीब एक साल से ज्यादा का समय गुजर चुका है अब तक नगर में कौन सा ऐसा काम इन्होने किया है जिसे यहां की जनता को फायदा हुआ हो ये हमें बताएं। अध्यक्ष पायल गुप्ता पर सीधे आरोप लगाते इंदिरा शर्मा ने कहा कि अध्यक्ष हरवक्त अपने परिजनों एवं करीबियों को फायदा पहुंचाने की जुगत में लगी रहती है। बीते 19 फरवरी को पालिका परिषद की बैठक रखी गई थी इस बैठक में करीब 52 एजेंडे रखे गए थे जिसमें 2 बिन्दुओं पर कांग्रेस पार्टी का कड़ा ऐतराज है। इंदिरा शर्मा ने नपा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पर जनहित के एजेंडों को साइड रखकर भाई भतीवावाद के एजेंडों को सेट करने का आरोप लगाते कहा कि इनका एजेंडा दरअसल किसको फायदा पहुंचाने के लिए था इसकी जानकारी नगरवासियों को होना भी आवश्यक है। इंदिरा शर्मा ने खुलासा करते कहा कि एजेंडा नंबर 12 जिसमें बस स्टेंड स्थित पुराने नगर पंचायत कार्यालय भवन के पीछे बने सब्जी मार्केट काम्प्लेक्स के उपर एक सराय निर्माण करने की बात उल्लेखित है। जिसमें लिखा हुआ है कि शंकर आचार्य नाम का व्यक्ति यहां स्वयं के खर्च पर निर्माण एवं संचालन की अनुमति चाहता है। परिषद में एजेंडा सेट करने से पहले ही इसका निर्माण कार्य भी धड़ाधड़ा शुरू हो चुका है। अब इस खेल को समझना बेहद जरूरी है कि सरकारी भवन या काम्पलेक्स के उपर कोई निजि व्यक्ति कैसे पक्का निर्माण कर सकता है? आखिर इसके पीछे का सच क्या है ? मालुमाल करने पर पता चला कि पूरा खेल कथित एक रसूखदार एक भाजपा नेता जो पार्षद भी है को फायदा पहुंचाने के लिए किया गया है। जिसका खुलासा भी जल्द ही कांग्रेस पार्टी करेगी। दुसरा आरोप कांग्रेस ने नपा परिषद पर लगाते कहा है कि बैठक के एजेंडा पत्र में 51 वें क्रम के बिन्दु में उल्लेखित है कि मस्जिद के सामने निर्मित भवन को हिमांशु गुप्ता को लीज पर प्रदाय करने एवं किराया निर्धारण करने के संबंध में चर्चा एवं निर्णय। अब यहां भी समझना जरूरी है कि आखिर यह हिमांशु गुप्ता हैं कौन? तो बताते चलें कि यह व्यक्ति कोई और नहीं बल्कि स्वयं पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता के परिवार का ही सदस्य है। अब यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि अध्यक्ष अपने परिवार के सदस्यों को फायदा पहुंचाने उन्हें भवन एलॉट करवाने के एजेंडे पर काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी पुछना चाहती है क्या एक जनप्रतिनिधि का यही काम रह गया है कि जनता के काम को पीछे रखो और अपने परिवार को आगे बढ़ाओ। इनके शीर्षस्थ नेता हर मंच से हरवक्त कांग्रेस को परिवारवादी पार्टी कहकर कोसते रहते हैं। अगर कांग्रेस परिवारवाद की पार्टी है तो दंतेवाड़ा पालिका अध्यक्ष की कुर्सी पर दुसरी बार जीतकर बैठी पालिका अध्यक्ष किसी और का हक छीनकर कौन से परिवारवाद को आगे बढ़ा रही है यह भाजपा नेताओं को बताना चाहिए।

## मन की बात के 131वें एपिसोड का माँ दंतेश्वरी वार्ड में सामूहिक श्रवण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 23 फरवरी।** मा दंतेश्वरी वार्ड अंतर्गत बूथ क्रमांक 140 एवं 141 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 131वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में दिल्ली में आयोजित ऐतिहासिक एआई समिट का उल्लेख करते हुए कहा कि इस सम्मेलन में विश्वभर के प्रतिनिधियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत की क्षमताओं को नजदीक से देखा। उन्होंने बताया कि भारत ने तीन मेड इन इंडिया÷एआई मॉडल भी लॉन्च किए हैं। साथ ही एआई के माध्यम से प्राचीन ग्रंथों और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में हो रहे कार्यों की जानकारी दी। साइबर सुरक्षा पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने ÷डिजिटल अरेस्ट÷जैसे बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने नागरिकों से केवाईसी प्रक्रिया को समझने और किसी भी संदिग्ध कॉल या लिंक से सतर्क रहने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने महाकुंभ से केरल कुंभ तक देशभर में आयोजित हो रहे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों का भी उल्लेख किया तथा 'पंच-प्राण संकल्प के तहत गुलामी की मानसिकता से मुक्ति और भारतीय संस्कृति के गौरव को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने हाल ही में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का जिक्र करते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी करने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में नरेंद्र पाणिग्राही एवं दशरथ गुप्ता, राजपाल कसेर, लक्ष्मी मुखर्जी, मनिमा सागर, पार्वती सागर, सुमन गुप्ता संतोषी, रोशनी, सोनादई सोनवानी, मुनी सागर, प्रिति सागर, जिया सागर रिया सागर, माही सागर, हरबन्धु सागर, रतन नाग, खिरेन्द्र सागर, बशी सागर, रामचंद्र बघेल, शेखजाहिद अहमद सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 23 फरवरी।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा आज समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक ली गई, जिसमें उन्होंने विभिन्न विभागों में लंबित कार्यों एवं प्रकरणों की विभागवार प्रगति की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि भारत सरकार द्वारा 'कर्मयोगी भारत' नामक वेबसाइट तैयार किया गया है, जिसमें सभी शासकीय सेवकों का पंजीयन किया जाएगा। उक्त पोर्टल में आगामी 31 मार्च तक सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पंजीयन कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10.30 बजे आयोजित समय-सीमा बैठक में नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री मनीष देव साहू ने बताया कि भारत सरकार द्वारा लांच किए गए इस वेबसाइट में सभी शासकीय सेवकों को ऑनबोर्ड पंजीयन आगामी 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से कराना होगा तथा संविदा एवं अन्य माध्यमों से भर्ती किए गए शासकीय सेवकों का इसमें पंजीयन नहीं किया जाएगा। उक्त वेबसाइट में 25 हजार से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिसूचित हैं, जिसमें शासकीय सेवक अपनी रुचि और कार्य-प्रवृत्ति अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। बैठक में कलेक्टर ने जिले में जिला निर्माण समिति एवं डीएमएफ मद से स्वीकृत किंतु लंबित निर्माण कार्यों को अगले माह तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा आंगनबाड़ी भवन निर्माण तथा पीडीएस सेंटर भवन निर्माण के पुराने स्वीकृत प्रकरणों के अब तक निर्माण पूर्ण नहीं होने पर असंतोष प्रकट करते हुए जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को शीघ्रता से कार्य पूरा कर पूर्णता एवं उपयोगिता प्रमाण-पत्र जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही लंबी अवधि से अपूर्ण कामों को निरस्त करने के लिए भी कलेक्टर ने जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी को निर्देशित किया।

## टिप्पर व ट्रक में हुई भिड़ंत, ट्रक सवार एक युवक की मौत, 5 घायल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 23 फरवरी।** जिले के कोडेनार थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में बीती रात 11 बजे डिलमिली पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार टिप्पर व ट्रक में भिड़ंत हो गई। इस भीषण हादसे में सड़क किनारे खड़ी एक कार इसकी चपेट में आ गई। इस हादसे में ट्रक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य 5 लोग घायल हो गए। कोडेनार थाना प्रभारी अमित ने बताया कि बीती रात डिलमिली के पास तेज रफ्तार टिप्पर व ट्रक में भिड़ंत हो गई। जिसके बाद ट्रक सड़क किनारे खड़ी कार को घसीटते हुए सड़क से नीचे उतर कर पेड़ से जा टकराया। कार चालक को हल्की चोट आई, जबकि ट्रक में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं पांच अन्य लोग घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं घायलों ने बताया कि वे केटरिंग का काम करने के लिए बीजापुर गए हुए थे, वहां से वापस लौटने के दौरान यह हादसा हुआ है।



## रियासतकालीन फागुन मड़ई में प्रथम पालकी निकाली गई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 22 फ़रवरी ।** जिला मुख्यालय के मां दंतेश्वरी मंदिर में आयोजित होने वाले रियासत कालीन ऐतिहासिक फागुन मड़ई 22 फरवरी से 5 मार्च तक श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शुरू हो गया है । मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर एवं नगर में 12 दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक उत्सव में प्रतिदिन अलग-अलग पालकी कार्यक्रम एवं पारंपरिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत आज 22 फरवरी रविवार पंचमी तिथि को प्रातः 11 बजे कलश स्थापना एवं ताड़पलंगा धोनी परंपरा के निर्वहन के बाद प्रथम पालकी के साथ इसकी शुरूआत हो गई है । मां दंतेश्वरी मंदिर समिति से मिली जानकारी के अनुसार 23 फरवरी, सोमवार षष्टमी को द्वितीय पालकी के अंतर्गत रात्रि 9 बजे से खोरखुंदनी परंपरा का निर्वहन किया जाएगा । 24 फरवरी, मंगलवार सप्तमी/अष्टमी को तृतीय पालकी में रात्रि 10 बजे से नाच मांडनी परंपरा का निर्वहन होगा। 25 फरवरी, बुधवार नवमी को चतुर्थ पालकी के तहत रात्रि 1 बजे से लम्हामार परंपरा का निर्वहन होगा। 26 फरवरी, गुरुवार दशमी को पंचम पालकी में रात्रि 2 बजे से कोडरीमार परंपरा का निर्वहन किया जाएगा। 27 फरवरी, शुक्रवार एकादशी को षष्टम पालकी में रात्रि 3 बजे से चितलमार परंपरा का निर्वहन होगा। 28 फरवरी, शनिवार द्वादशी को सप्तम पालकी के अंतर्गत रात्रि 4 बजे से गंवरमार परंपरा का निर्वहन किया जाएगा। 1 मार्च, रविवार त्रयोदशी को अष्टम पालकी में रात्रि 10 बजे से आंवरामार एवं गारी परंपरा का निर्वहन होंगे।

### मिशन वात्सल्य योजना के तहत केस वर्कर पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 23 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, इंद्रावती भवन, रायपुर द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन संचालन हेतु भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिला स्तर पर चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट तथा रेलवे स्टेशन स्थित चाइल्ड हेल्पलाइन डेस्क में रिक्त 01 पद केस वर्कर की पूर्ति की जानी है।

मेहनत की चमक और सरकारी संबल से

# श्रमिक की बेटी डिंपल कश्यप अब संस्कार सिटी स्कूल में संवार रही अपना भविष्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 23 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में आई क्रांति अब सुदूर अंचलों के गरीब और श्रमिक परिवारों के आंगन तक पहुँचकर उनके बच्चों के सपनों को हकीकत में बदल रही है। शासन की अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के माध्यम से प्रदेश के होनहार विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा दिलाने का संकल्प अब धरातल पर जीवंत होता दिख रहा है। इसी कड़ी में बस्तर जिले के जगदलपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बिलौरी के एक पंजीकृत श्रमिक नंदकिशोर कश्यप की सुपुत्री डिंपल कश्यप ने अपनी मेधा और कड़ी मेहनत के दम पर सफलता का अध्याय लिख दिया है। डिंपल का चयन राज्य की प्रावीण्य सूची (मेरिट लिस्ट) के आधार पर राजनांदगांव के प्रतिष्ठित संस्कार सिटी स्कूल के लिए हुआ है, जो उनके परिवार के लिए किसी सुखद चमत्कार से कम नहीं है। यहां डिंपल कक्षा छठवीं में अध्ययन कर रही है और बारहवीं तक निःशुल्क शिक्षा ग्रहण करेगी।




इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी यह है कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने डिंपल की माध्यमिक शिक्षा से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक की पूरी पढ़ाई का सारा खर्च उठाने की जिम्मेदारी ली है। इस निःशुल्क और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के प्रावधान ने परिवार के सिर से आर्थिक चिंता का बोझ पूरी तरह हटा दिया है, जिससे अब डिंपल की प्रगति की राह में कोई बाधा नहीं आएगी। अपनी बेटी की इस अभूतपूर्व सफलता पर पिता नंदकिशोर कश्यप भावुक स्वर में कहते हैं कि एक श्रमिक के लिए यह किसी सपने के सच होने जैसा है। वे दिन-रात कड़ी मेहनत ही इसलिए करते हैं ताकि उनके बच्चों का भविष्य उनके अपने संघर्षपूर्ण जीवन से कहीं बेहतर और सुगम हो सके। आज सरकार की इस कल्याणकारी योजना ने उनके उन धुंधले सपनों को हकीकत के पंख दे दिए हैं। माता-पिता के रूप में कश्यप दंपत्ति आज स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्हें अब यह अटूट विश्वास हो चला है कि उनकी बेटी का भविष्य न केवल सुरक्षित है, बल्कि वह अपनी अटूट लगन से सफलता के उस आसमान को भी छू सकेगी जिसका उन्होंने कभी केवल कल्पनाओं में विचार किया था। ग्राम बिलौरी-2 से निकलकर एक प्रतिष्ठित स्कूल तक का डिंपल का यह सफर समाज के उस हर वर्ग के लिए प्रेरणा है, जो संसाधनों के अभाव में अपनी प्रतिभा को दबाए बैठे हैं। शासन की यह पहल स्पष्ट संदेश देती है कि यदि बच्चे में प्रतिभा और आगे बढ़ने की ललक हो, तो सरकार की योजनाएं एक मजबूत सेतु बनकर उन्हें सफलता के उच्चतम शिखर तक पहुँचाने में पूरी मदद करती हैं।

### खनिज उत्खनन प्रभावित क्षेत्र में शिक्षा,स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी को सुदृढ़ करने की जा रही ठोस पहल

# पुरुंगा व खड़गांव में 3.20 करोड़ की लागत से बनेगा नवीन आदिवासी कन्या छात्रावास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 23 फरवरी।** रायगढ़ जिले के खनिज उत्खनन प्रभावित धरमजयगढ़ विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी केंद्रों को सुदृढ़ करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा ठोस पहल की जा रही है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने वनांचल ग्राम पुरुंगा एवं खड़गांव का दौरा कर आदिमजाति विकास विभाग द्वारा संचालित शासकीय प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास भवनों की जर्जर स्थिति का निरीक्षण किया तथा इनके स्थान पर नवीन भवन निर्माण के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। एक आंकलन के अनुसार डीएमएफ (जिला खनिज न्यास निधि) मद से प्रत्येक छात्रावास भवन के निर्माण के लिए लगभग 1 करोड़ 60 लाख रुपए की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि तकनीकी टीम द्वारा वर्तमान भवनों का विस्तृत परीक्षण किया जाएगा, जिसके उपरांत आवश्यक तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने संबंधित संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया कि नए भवन निर्माण तक छात्राओं के सुरक्षित एवं सुचारू संचालन के लिए वैकल्पिक



भवन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रावासों में अध्ययन के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बच्चों की रुचि के अनुरूप खेल सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही छात्राओं के मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए लाइब्रेरी सुविधा विकसित करने, पाठ्यक्रम आधारित पुस्तकों के साथ समसामयिक विषयों पर आधारित पत्र-पत्रिकाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

दौरे के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विकास से संबंधित विभिन्न मांगें भी रखीं। कलेक्टर ने चर्चा के दौरान बताया कि खनिज प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं जैसे स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, पंचायत व्यवस्था एवं पीडीएस योजना का सुचारू क्रियान्वयन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने क्षेत्र में संचालित राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से भी संवाद कर योजनाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी ली। जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि मांगों को चरणबद्ध प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान धरमजयगढ़ एसडीएम श्री प्रवीण भगत, कृषि एसडीओ प्रभास शंकर सिंह, तहसीलदार लोमस मिरी, जनपद सीईओ एवं संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

---

## एक नजर

### देशसेवा के लिए कुलदीप को ग्रामवासियों ने दी विदाई



**अंवरी,23 फरवरी।** देश सेवा की जज्बा के साथ कड़ी मेहनत कर सी आर पी एफ में चयनित होकर परिवार, गांव का नाम रोशन करने वाले कुलदीप साहू पिता मोहन साहू का परिवार जनों और समस्त ग्रामवासियों ने हर्षोल्लास के साथ विदाई प्रेषित किया कुलदीप के माता पिता ने मांगलिक टीका लगाकर अपने जिगर के टुकड़े को मातृभूमि की सेवा हेतु विदा किया इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा के पूर्व अध्यक्ष राजू साहू ने मां भारती की चल चित्र भेंटकर अपने गांव के युवा साथी को शुभकामनाए प्रेषित करते हुए कहा देश की सेवा करने का अवसर हर किसी के नसीब में नहीं होता एक सिपाही, फौजी बनने के लिए किस्मत होना चाहिए नौकरी तो बहुत है लेकिन देश के शरहद पर जाकर मां भारती की सेवा करना हर नौकरी से अलग है ग्राम पंचायत कोलियारी की सरपंच वेनू देवेंद्र ध्रुव, उप सरपंच ईश्वर साहू पंच मुकेश साहू चिंता साहू, सहदेव साहू,राधा साहू, संजय साहू,ने भी समस्त ग्रामवासियों की ओर से श्री फल शाल भेंट कर मंगलकामनाएं प्रेषित किया साथ ही साथ दोस्त, पढ़ने लिखने वाले सहपाठी और गांव की माताओं बहनों, युवा साथियों ने मिलकर गांव के देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर रैली के रूप में इस क्षण को भारत माता की जय घोष और देश भक्ति के नारे के साथ गौरांवित किया इस अवसर पर नारायण साहू शिक्षक, हरी राम साहू, कुमेश साहू,विकास साहू, विनय साहू, लेमन निषाद, योगेंद, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे इस चयन में विशेष रूप से सेना भर्ती अकादमी के प्रमुख समीर गौर भखारा वाले का विशेष योगदान रहा जिसके कुशल मार्गदर्शन में क्षेत्र के अनेकों युवाओं का चयन हुआ है ग्रामवासियों ने उनका आभार माना।

### दीदी मां मंदाकिनी की श्रीराम कथा 27 फरवरी से

**रायपुर।** श्री रामकिंकर आध्यात्मिक मिशन



द्वारा 27 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन सिंधु पैलेस, शंकरनगर,बीटीआई मैदान के सामने किया गया है। युग तुलसी श्रीरामकिंकर जी महाराज की हृदयात्मजा कथा व्यास दीदी मां मंदाकिनी श्रीराम कथा का रसपान करायेंगी। रोजाना शाम 5.30 से 6.30 बजे तक भक्ति सत्संग व शाम 6.30 से 8.30 बजे तक श्रीराम कथा होगी।

### तीन दिवसीय श्रीराम कथा के समापन कार्यक्रम में पहुंचे अशवंत तुषार साहू

**महासमुंद,23 फरवरी।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जोरातराई में आयोजित तीन दिवसीय श्री राम कथा के समापन कार्यक्रम में शामिल हुआ। जिसमे अतिथी रहे राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू । आयोजन सामिति के तत्वाधान में फूल माला, चंदन,गुलाल लगाकर भव्य स्वागत किया तुषार साहू ने रामायण मुख्य रूप से सात कांडों (बालकांड, अयोध्याकांड, अरण्यकांड, किष्किंधाकांड, सुंदरकांड, युद्धकांड और उत्तरकांड) में विभाजित है।

---

## दो पालियों में हुई पीएससी परीक्षा,जिले में बनाये गये थे 14 केंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 23 फरवरी।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन आज जिलेभर में दो पालियों में किया गया। परीक्षा के लिए रायगढ़ में 14 केंद्रों का गठन किया गया था। सुबह की पाली में सामान्य अध्ययन और शाम की पाली में तार्किक क्षमता की परीक्षा आयोजित की गई।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के पहले सत्र में सुबह 10 बजे से शुरू हुई परीक्षा के लिए 14 केंद्रों पर कुल 3515 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 2707 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 808 अनुपस्थित रहे। इसी तरह शाम की पाली में 14 परीक्षा केंद्रों पर कुल 3515 परीक्षार्थियों में 2662 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 853 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे।परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए लोक सेवा आयोग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के 2 घंटे पूर्व पहुंचने के निर्देश थे, ताकि उनकी भौतिक रूप से जांच (फ्रिस्किंग) महिला और पुरुष पुलिस कर्मियों द्वारा की जा सके और साथ ही उनकी पहचान पत्र की सत्यापन प्रक्रिया की जा सके। आयोग के अनुसार पहचान पत्र की फोटोकॉपी या अन्य साधनों में सत्यापन मान्य नहीं था।

लोक सेवा आयोग के निर्देशानुसार परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पहले ही परीक्षा केंद्रों का मुख्य द्वार बंद कर दिया गया। प्रातः 9ः45 बजे मुख्य द्वार बंद कर दिए गए, क्योंकि परीक्षा सुबह 10ः00 बजे से शुरू हुई थी। उसी तरह, शाम की परीक्षा के लिए अपरान्ह 2ः45 बजे द्वार बंद किए गए, जबकि परीक्षा अपरान्ह 3ः00 बजे से प्रारंभ हुई थी।कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार, राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए श्री धनराज मरकाम, डिप्टी कलेक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। इसके अलावा, श्री संदीप राजपूत, तहसीलदार, श्री भुवनेश्वर पटेल, प्राचार्य, शासकीय हाई स्कूल पुसल्दा, और श्री बाबू लाल पटेल, व्याख्याता, शासकीय हाई स्कूल मिडमिडा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया।परीक्षा केंद्रों की सामग्री वितरण और सघन निरीक्षण के लिए श्री सिल्वेस्टर कुजूर, जिला सांख्यिकीय अधिकारी, श्री अनिल वर्मा, उपसंचालक कृषि, श्री के.एस. कंवर, उपसंचालक नगर एवं ग्राम निवेश, श्री सतीश गुप्ता, सहायक संचालक मत्स्य और श्री दीपक मंडावी, जिला पंजीयक के नेतृत्व में तीन सदस्यीय उड़नदस्ता और परिवहन दलों का गठन किया गया था। इस प्रभावी निगरानी और तैयारी की वजह से परीक्षा पूरी शांति और सुव्यवस्था से संपन्न हुई।



**अंवरी।** ग्राम जोरातराई (अं )विधानसभा कुरुद जिला धमतरी छ. ग.में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 131 एपिसोड मन की बात को सुना गया ।

---

## साय सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर, प्रशासनिक अधिकारी हुए बेलगाम:विनोद चंद्राकर



**महासमुंद,23 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में भाजपा की साय सरकार प्रशासनिक तंत्र पर नियंत्रण नहीं रख पा रहा है। पूरे प्रदेश सहित महासमुंद जिले में व्यापक भ्रष्टाचार कर अधिकारियों ने महत्वपूर्ण योजना का सत्यानाश कर दिया है। छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 योजनांतर्गत संचालित परियोजना जिले में एआई जनरेटेड तस्वीरों का इस्तेमाल कर जल संरचनाएं दिखाया गया। जिले को गत दिनों राष्ट्रपति ने जिस उपलब्धि के लिए प्रथम पुरस्कार दिया है, दरअसल जमीनी स्तर पर इसमें कोई काम हुआ ही नहीं है। इस कार्य में जिस विभाग को कार्य एजेंसी बनाया गया। उसी के सबसे बड़े अधिकारी ने इस व्यापक भ्रष्टाचार को अंजाम देकर जिलाधीश को भी भ्रमित करने का कार्य किया है।उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन द्वारा उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक डब्लूसीडीसी जिला-महासमुंद को उक्त योजना में जिले में हुई आर्थिक अनियमितताओं को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने पर व्यक्त की है।

---

## विद्युत आपूर्ति बेहतर करने बढ़ाई गई 132 केवी उपकेंद्र की क्षमता

**महासमुंद 23 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा प्रदेश में निरंतर एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पारेषण क्षमता के विस्तार का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में 132/33 केवी उपकेंद्र बागबाहरा में स्थापित 40 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर नवीन 63 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर का सफलतापूर्वक ऊर्जीकरण किया गया। यह इस उपकेंद्र का दूसरा 63 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर है। यह कार्य मात्र दो माह में पूर्ण किया गया।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में उपकेंद्र में 63 एमवीए एवं 40 एमवीए के ट्रांसफार्मर स्थापित थे, जिनकी कुल क्षमता 103 एमवीए थी। 40 एमवीए ट्रांसफार्मर के स्थान पर 63 एमवीए ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाने के पश्चात अब उपकेंद्र की कुल स्थापित क्षमता बढ़कर 126 एमवीए हो गई है।गत वर्ष पीक लोड सीजन के दौरान उपकेंद्र पर लगभग 90 एमवीए तक लोड दर्ज किया गया था, जिसके कारण



ओवरलोड की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। नवीन ट्रांसफार्मर के समावेश से अब ओवरलोड की समस्या से राहत मिलेगी तथा विद्युत आपूर्ति अधिक स्थिर एवं गुणवत्तापूर्ण हो सकेगी।

बागबाहरा उपकेंद्र में 132 केवी परसवानी लाइन एवं 132 केवी झलप लाइन से आपूर्ति प्राप्त होती है तथा 33 केवी के नौ फीडरों–बागबाहरा (महासमुंद), टेमरी, सुनसुनिया, गोयनबहरा, टाउन, तेंदुकोना, मुंगसेर एवं खलारी–के माध्यम से 150 से अधिक गांवों में विद्युत आपूर्ति की जाती है। इस क्षेत्र में उन्नत कृषि, कृषि आधारित उद्योग तथा अन्य औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं, जिन्हें इस क्षमता वृद्धि से विशेष लाभ प्राप्त होगा।कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने पावर ट्रांसफार्मर का ऊर्जीकरण कर आपूर्ति प्रारंभ की। उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं कंपनी के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार सिंह के निर्देशन में प्रदेश के पारेषण नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। विशेष रूप से आदिवासी, वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत अधोसंरचना को मजबूत करने पर प्राथमिकता दी जा रही है।इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री अब्राहम वर्गीस, अतिरिक्त मुख्य अभियंता आर.के. तिवारी, अधीक्षण अभियंता वाय.के. मनहर, पी.के. गढ़ेवाल, धनेश देवांगन, कार्यपालन अभियंता प्रशांत साहू, विंध्याचल गुप्ता, सहायक अभियंता प्रदीप साहू, सुश्री लता जगत, नारायण प्रसाद लोधी एवं दीपक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।इस उपलब्धि से क्षेत्र के कृषकों एवं उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी तथा ग्रामीण अंचलों के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

---

## जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण तथा मकानों की गणना 1 मई से 31 मई तक होगी

**महासमुंद 23 फरवरी।** जनगणना 2027 के लिए कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार 20 से 21 फरवरी 2026 तक दो दिवसीय प्रशिक्षण जिला पंचायत महासमुन्द के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें श्रीमती रश्मिता स्वाईं सहायक निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय रायपुर तथा श्री देवांशु कुमार शाक्य सांख्यिकी अन्वेषक ग्रेड-02 द्वारा प्रशिक्षण प्रदान दिया गया।

प्रशिक्षण में श्रीमती रश्मिता स्वाईं सहायक निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय रायपुर द्वारा बताया गया कि जनगणना - 2027 भारत की प्रथम पूर्णतः डिजिटल आधारित जनगणना होगी। मोबाईल एप और वेब पोर्टल सीएमएमएस (सेंसस मैनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम) के माध्यम से डेटा संकलन का कार्य गणना खण्ड स्तर से किया जाएगा, जिससे जनगणना प्रक्रिया त्वरित, प्रभावी एवं अधिक पारदर्शी होगी।

जनगणना - 2027 हेतु संपूर्ण छ.ग. के लिए प्रथम चरण में मकान सूचीकरण तथा मकानों के गणना का कार्य 01 मई 2026 से 31 मई 2026 तक किया जाना है। यह कार्य प्रदेश के 33 जिलों, 252 तहसीलों और 19978 गांवों में संपन्न किया जायेगा। स्वगणना की सुविधा होने के कारण जनभागीदारी और जनविश्वास बढ़ेगा। यह कार्य विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत / 2047 की नींव रखने वाला सिद्ध होगा। मोबाईल एप और वेब पोर्टल सीएमएमएस के माध्यम से डेटा संकलन करने की प्रक्रिया, जनगणना कार्य में पूछे जाने वाले प्रश्नोत्तर, जनगणना से संबंधित अधिनियम, नियम, मैदानी स्तर पर आने वाली संभावित समस्याओं तथा चार्जों में सीएमएमएस वेब पोर्टल में किस तरह से कार्य किया जाएगा ।

---

## सेक्टर बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा

**महासमुंद 23 फरवरी ।** जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा के उद्देश्य से आयोजित सेक्टर बैठक में जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का विजिट कर कार्यक्रमों की स्थिति का जायजा लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।



सेक्टर बैठक के अंतर्गत सरायपाली, बसना, पिथौरा, खल्लारी एवं गड़फुलझर सेक्टर के स्वास्थ्य संस्थानों में विजिट किया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली, बसना, पिथौरा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा, तोषगांव, लम्बर, भंवरपुर, बहमनी, सलडीह, खल्लारी, खमरिया, खट्टी, बरौली एवं सेक्टर गड़फुलझर में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान एमडीए कार्यक्रम की प्रगति, मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) में कमी, एनसीडी स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड निर्माण, टीबी केस खोज एवं उपचार तथा अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने कहा कि जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू करना विभाग की प्राथमिकता है। नियमित सेक्टर बैठक एवं फील्ड विजिट के माध्यम से स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। बैठक एवं विजिट में जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती नीलू घृतलहरे, नोडल अधिकारी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वी.पी. सिंह, डॉ. ज्योति साहू, आर सी एच नोडल, आरएमएनसीएच ए सलाहकार श्री संदीप चंद्राकर एनएलईपी सलाहकार श्री एकेश्वर शुक्ला, नोडल अधिकारी एफएलसी श्री तेजस राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# उत्खनन प्रभावित पुरुंगा गांव में 28.51 लाख का उपस्वास्थ्य केंद्र और छाल में 50 लाख का सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन तैयार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 23 फरवरी।** रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विकासखंड अंतर्गत सुदूर वनांचल ग्राम पुरुंगा को स्वास्थ्य और वनांचल के सबसे बड़े ग्राम छाल को सर्व सुविधायुक्त बुनियादी सुविधाओं की बड़ी सौगात मिली है। ग्राम पुरुंगा में 28 लाख 51 हजार रुपए की लागत से नया उपस्वास्थ्य केंद्र भवन बनकर तैयार हो गया है, वहीं ग्राम छाल में 50 लाख रुपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने वनांचल क्षेत्र के भ्रमण के दौरान इन दोनों निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्राम पुरुंगा में नवनिर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र भवन के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि इसी माह से स्वास्थ्य केंद्र का सुव्यवस्थित संचालन शुरू किया जाए। उन्होंने उपस्वास्थ्य केंद्र के निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को



प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर सहजता से उपलब्ध हो सकें। वहीं ग्राम छाल में निर्मित सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने इसे सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामूहिक कार्यक्रमों के लिए शीघ्र जन एवं सामाजिक उपयोग में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह भवन क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए बहुउद्देशीय गतिविधियों का केंद्र बनेगा। उल्लेखनीय है कि यह सामुदायिक भवन मुख्यमंत्री घोषणा की पूर्ति योजना के तहत 50 लाख रूपए की लागत से निर्मित किया गया है। जनपद पंचायत धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत छाल द्वारा इस कार्य को 30 दिसंबर 2025 को पूर्ण किया गया। कलेक्टर ने भवन परिसर के समग्र विकास पर भी जोर देते हुए पंचायत की आय बढ़ाने के उद्देश्य से व्यवसायिक परिसर निर्माण हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही व्यवसायिक परिसर के सामने स्थित खाली मैदान के समतलीकरण एवं सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव तैयार करने को कहा, ताकि भविष्य में यह परिसर क्षेत्र के लिए एक सुव्यवस्थित गतिविधि केंद्र के रूप में विकसित हो सके। दोनों ग्राम सुदूर वनांचल क्षेत्र में स्थित हैं, जहां इन आधारभूत संरचनाओं के निर्माण से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। निरीक्षण के दौरान धरमजयगढ़ एसडीएम श्री प्रवीण भगत, कृषि एसडीओ प्रभास शंकर सिंह, तहसीलदार लोमस मिरी, जनपद सीईओ, छाल की सरपंच श्रीमती मालती राठिया एवं पुरुंगा के ग्रामीण जन उपस्थित थे।

---

## सोनाक्षी के साहस और चिरायु योजना ने बदल दी जिंदगी

**महासमुंद 23 फरवरी ।** महासमुंद जिले के ग्राम कुल्हरिया में रहने वाली 12 वर्षीय सोनाक्षी एक साधारण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से है। उनके पिता किशन लाल दीवान मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सोनाक्षी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पथर्री में कक्षा सातवीं की छात्रा है और अन्य बच्चों की तरह वह भी अपने भविष्य को लेकर बड़े सपने देखती थी। लेकिन बचपन से ही उसकी कमजोर सेहत उसके सपनों की राह में बाधा बन रही थी।जब सोनाक्षी कक्षा पाँचवीं में पढ़ती थी, तब स्कूल में हुए चिरायु स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान उसमें हृदय रोग के लक्षण पाए गए। उसे अक्सर सांस फूलने, जल्दी थक जाने, पैरों में सूजन, अनियमित दिल की धड़कन और बार-बार सर्दी-खांसी की समस्या रहती थी। चिरायु



टीम के आयुष चिकित्सकों द्वारा परिजनों को इसकी जानकारी दी गई और निःशुल्क इलाज के बारे में समझाया गया। हालांकि सोनाक्षी देखने में स्वस्थ लगती थी, इसलिए शुरुआत में परिवार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। विद्यालय के प्रधान पाठक श्री मोहन लाल साहू और चिरायु टीम के सदस्यों ने लगातार परिवार को जागरूक किया। फार्मासिस्ट धनेश्वर दीवान और एएनएम श्रीमती विशाखा साहू समय-समय पर सोनाक्षी की स्थिति पर नज़र रखते रहे।

## एक नजर

### सड़क हादसे में पति-पत्नी की हुई मौत से नगर में शोक की लहर

**तिल्दा नेवरा 23 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रविवार देर शाम विधानसभा थाना क्षेत्र अंतर्गत डीपीएस स्कूल के सामने मुख्य मार्ग पर एक धान से भरी ट्रक वाहन ओला कार वाहन के ऊपर पलट गई जिससे ओला कार वाहन में सवार नेवरा निवासी पति पत्नी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई साथ ही ओला ड्राइवर की भी मौत हो गई उक्त घटना के बाद नेवरा में शोक की लहर व्याप्त है मृतक दंपति नेवरा के छात्र नेता मनीष शर्मा के माता-पिता थे नगर के प्रतिष्ठित राजकुमार शर्मा और उनकी पत्नी पदमा शर्मा रायपुर अस्पताल से तिल्दा कल आ रहे थे। तभी यह घटना घटी ओर दोनों का दुर्घटना में मौके पर ही मौत हो गई उनकी अंतिम यात्रा दोपहर निवास से निकाली है जिसमें भरी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### वन परिक्षेत्र अधिकारी से आहरण-संवितरण अधिकार छीना

**रायपुर, 23 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कोण्डागांव वनमण्डल के मर्दापाल परिक्षेत्र में पदस्थ वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री प्यारेलाल ठाकुर को प्रदत्त आहरण संवितरण अधिकारी वापस ले लिया गया है। मुख्य वन संरक्षक कांकेर वृत्त श्री राजेश कुमार चंदेल द्वारा यह कार्यवाही श्री प्यारेलाल ठाकुर द्वारा महत्वपूर्ण वित्तीय कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने में रुचि नहीं लेने, बजट उपयोग में गंभीर लापरवाही बरतने तथा पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता बरते जाने के कारण की गई है। जारी आदेश के तहत छत्तीसगढ़ वन वित्तीय नियम 74 (टी.ओ.-16) के अंतर्गत पूरक नियम तथा वन लेखा संहिता की धारा 6 में प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए श्री प्यारेलाल ठाकुर, वनक्षेत्रपाल एवं परिक्षेत्र अधिकारी, मर्दापाल से तत्काल प्रभाव से आहरण-संवितरण अधिकार (डीडीओ पावर) वापस ले लिया गया है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत आगामी आदेश तक मर्दापाल परिक्षेत्र का प्रभार श्री गौरव टंडन, वनक्षेत्रपाल प्रशिक्षु, कोण्डागांव वनमण्डल को उनके वर्तमान दायित्वों के अतिरिक्त सौंपा गया है।

### 27 दिनों तक चिकित्सकों की देखभाल से नवजात शिशु को मिला नया जीवन

**रायपुर, 23 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी विजन के अनुरूप प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है, जिससे अब जिला मुख्यालयों पर ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रहे हैं। इसी का जीवंत उदाहरण जिला अस्पताल कोंडागांव की नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एसएनसीयू) में देखने को मिला, जहां एक गंभीर नवजात शिशु को नया जीवन मिला है। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के सतत निर्देशन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रेमलाल मंडावी के नेतृत्व में जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर सशक्त किया जा रहा है। आवश्यक संसाधनों, जीवन रक्षक उपकरणों एवं दवाइयों की उपलब्धता तथा नियमित मॉनिटरिंग के कारण आज एसएनसीयू दूरस्थ अंचलों के लिए आशा की किरण बन चुकी है। ग्राम राकसबेड़ा, विकासखंड माकड़ी निवासी बो सुखदई मरकाम एवं चैतराम मरकाम के नवजात शिशु का जन्म 18 दिसंबर 2025 को शाम 5:28 बजे हुआ। जन्म के तुरंत बाद शिशु की स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई। 20 दिसंबर 2025 को शिशु को एसएनसीयू में भर्ती किया गया। जन्म के समय शिशु का वजन 2.70 किलोग्राम था तथा वह बर्थ एस्फिक्सिया, लगातार दौरे और संक्रमण जैसी जटिल समस्याओं से जूझ रहा था। गर्भावस्था के दौरान माता में गंभीर ओलिगोहाइड्राम्नियोस की स्थिति भी पाई गई थी। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रुद्र कश्यप, डॉ. राजेश बघेल एवं डॉ. परोमिता सूत्रधार सहित एसएनसीयू की टीम ने शिशु का तत्काल उपचार प्रारंभ किया। प्रारंभिक दिनों में ऑक्सीजन सपोर्ट एवं एंटीबायोटिक दिए गए, परंतु अपेक्षित सुधार न होने पर पांचवें दिन शिशु को मैकेनिकल वेंटिलेशन पर रखा गया, जहां 12 दिनों तक गहन निगरानी में उपचार जारी रहा। उपचार के दौरान शिशु में सेप्सिस एवं गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ब्लीडिंग जैसी जटिलताओं की पहचान हुई। चिकित्सकीय टीम ने तत्परता से उच्च श्रेणी के एंटीबायोटिक तथा आवश्यकतानुसार फ्लुकोनाजोल प्रदान किया। बार-बार आने वाले दौरों को नियंत्रित करने के लिए फेनोबार्बिटोन/फेनाइटोइन दवाएं दी गईं। चिकित्सकों की विशेषज्ञता, संवेदनशीलता और सतत निगरानी ने इस नन्हीं जान को सुरक्षित रखा। लगातार 18 दिनों के गहन उपचार के बाद शिशु की स्थिति में सुधार होने लगा। स्थिर होने पर 19वें दिन से 10 दिनों तक कंगारू मदर केयर (केएमसी) प्रारंभ की गई।

# करोड़ों का फर्जीवाड़ा करने वाले अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर

**■ मामला - पोस्टआफिस कर्मचारी व नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी का।**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 23 फरवरी।** लाखों करोड़ों का फर्जीवाड़ा करने वाले अब तक पुलिस की गिरफ्तारी से बचे हुए हैं जिसे लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे है। आपको बता दें कि पोस्टआफिस के कर्मचारी के द्वारा लगभग 8 गांव के ग्रामीणों के आरडी, एफडी खाता, सुकन्या समृद्धि योजना सहित पोस्टआफिस की अन्य योजनाओं के तहत डाकघर में पैसा जमा कराया जाता था जिसे पोस्टआफिस के कर्मचारी आशीष मंडावी के द्वारा ग्रामीण लोगों से फर्जीवाड़ा कर करोड़ों रु पोस्टआफिस में जमा नहीं करवाया और फरार हो गया। वहीं नौकरी लगाने के नाम पर डोंगरगढ़ वार्ड क्रमांक 14 खंडूपारा निवासी देवेंद्र गोरले के खिलाफ पांच पीड़ित शिकायतकर्ताओं ने लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है कि उन्हें देवेंद्र कुमार गोरले व उनके भाजपा नेता भिलाई कोसा नाला थाना निवासी जय प्रकाश यादव के द्वारा सरकारी नौकरी लगाने का प्रलोभन देकर झांसे में लेकर लाखों रु ले लिया गया है।



**पुलिस की कार्यवाही पर उठने लगे प्रश्नचिन्ह:** लोगों की माने तो पोस्टआफिस मामले में कर्मचारी तो फरार है परन्तु केंद्र सरकार द्वारा संचालित बैंक में इस तरह की फर्जीवाड़ा पूरे प्रदेश में पहली बार आया है। जबकि जानकार बताते है कि किसी भी केंद्र शासित बैंकों में हर माह चेकिंग की जाती है और बकायदा इसके लिए चेकर इंस्पेक्टर की तैनाती की जाती है जो ब्लॉक स्तर के पोस्टआफिस के खातों की जानकारी ले रिपोर्ट भेजता है। जिससे उनकी भूमिका पर भी कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों के द्वारा सवाल खड़े किए जा चुके हैं उसके बाद भी पुलिस की कान में जूं तक नहीं रेंगी इस प्रश्न का जवाब धोखा खाए ग्रामीण पूछ रहे थे ? वहीं दूसरी ओर बताया जाता है कि नौकरी लगाने के नाम पर भिलाई कोसा नाला थाना क्षेत्र निवासी भाजपा नेता जयप्रकाश यादव व डोंगरगढ़ निवासी देवेंद्र कुमार गोरले के द्वारा लगभग 33 लोगों से सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर अब तक 56 लाख की जालसाजी की गई है जिसकी पांच पीड़ित शिकायतकर्ताओं के द्वारा लगभग एक माह से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है परन्तु पुलिस द्वारा अब तक जांच का हवाला देकर मामले को ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास किया जा रहा है जिससे जिंदगी भर की गाढ़ी कमाई नौकरी के झांसे में लिए आरोपियों से धोखा खाने के बाद पुलिस में मामला दर्ज कराए जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है जो यक्ष सवाल खड़े करने लगे है।

### सुत सारथी समाज ने मनाई सुमंत जयंती

# वार्षिक सामाजिक सम्मेलन में सुत सारथी कल्याण बोर्ड के गठन की उठी मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 23 फरवरी।** सुत सारथी समाज जिला धमतरी द्वारा सुमंत जयंती एवं वार्षिक सामाजिक सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज की एकजुटता प्रदर्शित करते हुए शासन से सुत सारथी समाज कल्याण बोर्ड के गठन की प्रमुखता से मांग की गई। रविवार को कुरूद स्थित छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम का आगाज अतिथियों एवं सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा सुमंत सारथी एवं सुत जी महाराज के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर और पूजा-अर्चना के साथ किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रेस क्लब कुरूद के संरक्षक कृपाराम यादव, महासचिव धनसिंग सेन, रवि शर्मा, श्रवण साहू और दीपक साहू शामिल हुए।?स्वागत भाषण देते हुए जिला अध्यक्ष केशव बंछोर ने कहा कि जिला धमतरी में हमारा समाज अल्पसंख्यक है, लेकिन हम पूरी ताकत के साथ संगठित हो रहे हैं। उन्होंने समाज की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छोटे समाज को अपनी पहचान बनाने के लिए लगातार ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेस क्लब के संरक्षक कृपाराम यादव ने कहा कि सारथी समाज भले ही संख्या बल में यह समाज कम नजर आता हो, लेकिन आपकी संगठित शक्ति और अपनी परंपराओं के प्रति समर्पण आपको एक विशिष्ट पहचान देता है। आज के दौर में जब आधुनिकता हावी है, तब भी आप अपनी जड़ों और पूर्वजों के आदर्शों को सहेज कर रखे हुए हैं, यह सराहनीय है।महासचिव धनसिंग सेन ने कहा कि कोई भी समाज छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि उसकी सोच और गतिविधियां उसे बड़ा बनाती हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रेस क्लब समाज की मांगों को शासन तक पहुंचाने में सेतु का कार्य करेगा। वहीं श्रवण साहू ने कहा कि सुत सारथी समाज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली और सेवाभावी रहा है।उन्होंने कहा कि सिर्फभीड़ को समाज नहीं कहते, बल्कि एकता और गौरवशाली इतिहास को संजोए रखना ही समाज का असली अस्तित्व है।सम्मेलन में समाज के प्रतिभावान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। अतिथियों को समाज की ओर से प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला सचिव मनीष सारथी, कोषाध्यक्ष रेखराम सारथी, सनातन नाग, दुखित सारथी, कृष्णा सारथी, भुपेंद्र सारथी, सोमनाथ सारथी, गोपाल सारथी, घनश्याम सारथी, सुरेश, विकास, रतन, रवि और ललित सारथी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु और मातृशक्ति उपस्थित रहे।

**आर्थिक स्थिति कमजोर, विलुप्ति की कगार पर पारंपरिक व्यवसाय:** सम्मेलन के दौरान जिलाध्यक्ष केशव राम बंछोर एवं पदाधिकारियों ने अतिथियों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों और विकासखंडों में समाज की लगभग 5 लाख आबादी निवासरत है। इस समाज का मुख्य व्यवसाय वैदिक काल से ही घोड़ा-गाड़ी और रथ चलाना रहा है। आज भी विभिन्न समाजों के वैवाहिक कार्यक्रमों में घोड़ी चढ़ाई या रथ का उपयोग अनिवार्य रूप से होता है, लेकिन विडंबना यह है कि इस कार्य में महारत रखने वाला सुत सारथी समाज आज आर्थिक तंगी के कारण इस व्यवसाय से दूर होता जा रहा है।आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण समाज के बहुत कम लोग ही अब घोड़ा-घोड़ी पालने या रथ रखने में सक्षम हैं।समाज का यह कार्य वर्तमान में विलुप्त होने की स्थिति में है। जिसको शासन के द्वारा संरक्षण और संवर्धन की जरूरत है।उन्होंने समाज की आर्थिक स्थिति को सुधारने और इस पारंपरिक धरोहर के संरक्षण हेतु सुत सारथी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की।

### बैडमिंटन कोर्ट-2 में पहली बार टूर्नामेंट का शुभारंभ भानु चंद्राकर ने किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 23 फरवरी।** अटल बिहारी वाजपई स्टेडियम के बैडमिंटन कोर्ट 2 में प्रथम बार आयोजित टूर्नामेंट का शुभारंभ रिबन काटकर विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया गया ।इस एक दिवसीय टूर्नामेंट में पुरुष ओपन युगल और 40 वर्ष से अधिक के वेंटनर्स युगल इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें धमतरी जगदलपुर , खैरागढ़ , रायगढ़ महासमुंद से लेकर उड़ीसा के बलांगीर, भवानीपटना के खिलाड़ी हिस्सा ले कर टूर्नामेंट को भव्यता देने में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं।* बैडमिंटन ब्वॉयज क्लब कुरूद द्वारा आयोजित इस अंतरराज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भानु चंद्राकर भानु चंद्राकर ने माता सरस्वती के प्रतिमा में दीप प्रज्वालित कर किया इस दौरान कार्यक्रम के अध्यक्षता कर र तिलोक चंद जैन और विशिष्ट अतिथि हितेंद्र केला,योगेश चंद्राकर , विजय केला ,अजय केला, गिरिश बाजपेयी , बलराम साहू , भोजराज चंद्राकर कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में बतौर अतिथि सम्मिलित हुए।कार्यक्रम में भोजराज चंद्राकर ,कमलेश चंद्राकर,कमलेश गांधी ,सुशील केला , मनोज चंद्राकर , भाईजी केला , आदि खेलप्रेमी भी उपस्थित रहे।इस टूर्नामेंट में 27 टीम एवं 29 टीम सीनरी ने भाग लिया जिसमें उड़ीसा के ब ा ल ं ग ी र , कालाहांडी,भवानीपटना और छत्तीसगढ़ की जगदलपुर महासमुंद धमतरी भखारा रायगढ़ खैरागढ़ के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में 11 साल के देवांश हैं वही सबसे अधिक उम्र 70 वर्ष के सुखलाल वीरेंद्र सोनी सुरेश वर्दियानी ने भी अपना खेल एवं प्रदर्शित करते हुए भाग लिया।

### भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की पहल 'देखो अपना देश' से जागा युवाओं में उत्साह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 23 फरवरी।** भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय इंडिया टूरिज्म, मुंबई द्वारा स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, रायपुर (एसआईएचएम) के सहयोग से 'देखो अपना देश' ब्रोशर निर्माण प्रतियोगिता, पुरस्कार वितरण समारोह एवं पर्यटन शिक्षा प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में भारत के विविध पर्यटन स्थलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पर्यटन एवं आतिथ्य के क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों से उन्हें परिचित कराना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री इंद्र कुमार साहू, विधायक अभनपुर तथा पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशक श्री मोहम्मद फारूक मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त पश्चिम एवं मध्य क्षेत्रीय कार्यालय के प्रतिनिधि, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड की डीजीएम सुश्री पूनम शर्मा, आईएचएम रायपुर के वरिष्ठ लेखा अधिकारी श्री समीर मिश्रा तथा संस्थान के प्राचार्य श्री विवेक आचार्य के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। समारोह के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के विजेताओं को नकद पुरस्कार (चेक), पदक, किट एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। राज्यभर से लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, दुधली के छात्रों ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार हासिल कर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बैकुंठपुर एसईसीएल एवं पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय महाराजपुर कवर्धा ने राज्य स्तर पर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरुद तथा पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय धमतरी ने राज्य स्तर पर तृतीय पुरस्कार अर्जित किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग में उपलब्ध विविध और बढ़ते करियर अवसरों पर विशेष प्रस्तुति दी गई। छात्रों एवं शिक्षकों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिससे सहभागिता और ज्ञानवर्धन को बढ़ावा मिला।

### हिमांशु साहू बने भाजयुमो के जिला मंत्री, कुरुद क्षेत्र में हर्ष की लहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 23 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी जिला धमतरी की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। संगठन ने जमीनी स्तर पर सक्रिय रहने वाले युवाओं पर भरोसा जताते हुए भाठागांव निवासी और वर्तमान जनपद सदस्य हिमांशु साहू को भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिला मंत्री नियुक्त किया है।?हिमांशु साहू लंबे समय से कुरुद क्षेत्र में युवा मोर्चा के माध्यम से पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। उनकी कार्यकुशलता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वर्तमान में वे जनपद पंचायत कुरुद के सदस्य के रूप में भी जनसेवा कर रहे हैं।इस नियुक्ति से कुरुद के स्थानीय कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। समर्थकों का मानना है कि हिमांशु की सक्रियता से जिले में युवाओं की भागीदारी और बढ़ेगी।अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए हिमांशु साहू ने कहा कि मैं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव, संगठन मंत्री पवन साय और समस्त वरिष्ठ नेतृत्व का आभारी हूँ जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया है। मुझे जो जिम्मेदारी मिली है, उसे मैं पूरी निष्ठा से निभाऊंगा और धमतरी जिले में युवा मोर्चा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करूँगा।?उनकी नियुक्ति पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, महापौर रामु रोहरा, पूर्व विधायक रंजना साहू, और नपा अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर सहित महेंद्र पंडित, निरंजन सिन्हा, राकेश साहू, गौकरण साहू रविकांत चंद्राकर, हरिशंकर साहू, कृष्णकांत साहू, त्रिलोक जैन, आदर्श चंद्राकर, प्रभात बैस, टिकेश साहू, मालक राम साहू व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।



### आदिवासी ध्रुव गोंड समाज का वार्षिक सम्मेलन सिरसिदा में हुआ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 23 फरवरी।** ग्राम सिरसिदा में आयोजित आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र कुरूद का एकदिवसीय वार्षिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जीवराखन लाल मरई अध्यक्ष द्वय मां अंगार मोती ट्रस्ट गंगरेल एवं सर्व आदिवासी समाज जिला धमतरी , विशेष अतिथि के रूप में माधव सिंह ठाकुर अध्यक्ष गोंड समाज जिला धमतरी बतौर अतिथि के रूप में शामिल हुए ।इस अवसर पर सभी अतिथियों का आदिवासी समाज ने उनका पारंपरिक तरीके से आदिवासी नर्तक दल ने नृत्य और गाजे, बाजे ,के साथ भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिक्षेत्र अध्यक्ष लाकेश्वर नेताम ने की, विशिष्ट अतिथियों में ललित ठाकुर,भूपेंद्र नेताम ,संतोष सोरी ,हरिश्चंद्र मंडावी ,कुलंजन मरई ,चमेली नेताम, फलेंद्रछेदैया,सुखीत राम छेदैया ,लीला बाई खेलन देवदास ,झागेश्वर ध्रुव, ओमप्रकाश पटेल, श्यामलाल नेताम, मनोज मरकाम, बोधन छेदैया ,परदेसी मरकाम, चमेली नेताम ,कमल सोरी, राजकुमारी छेदैया, लीलाबाई देवदास, ओमप्रकाश पटेल, उपस्थित थे । इस अवसर पर जीवराखन लाल मरई ने अपने संबोधन में कहा कुरूद में आयोजित कोया पुनेम गोंडी गाथा ,कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी नागरिक बंधुओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो देकर सम्मानित कर कहा मैं समाज की ओर से समाज के बेरोजगार युवक ,यूतियों से अपील करता हूं, की है कि विभिन्न काम एवं निजी जॉब के लिए निशुल्क प्रशिक्षण ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि शासन के विभिन्न योजनाओं के तहत ऋष्टा दिलाने में सहायता करेंगे। विशिष्ट अतिथि के आसंदी पर विराजमान माधव सिंह ठाकुर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा । धर्म कर्म पूजा पाठ में ज्यादा ध्यान न देकर अपने बच्चों को शिक्षा ही नहीं उच्च शिक्षा दिलाएं रोटी बेटी के जंजाल से समाज को उबरना चाहिए ।साथ ही दूसरों को प्रेरित करें ।अच्छाई को ग्रहण करें समाज में भाईचारा बनाकर चले , जाति और समाज दोनों में अंतर समझने की जरूरत है। सभा को बारी-बारी से बसंत ध्रुव,ललित ठाकुर, तेजराम छेदैया ,संतोष सोरी, भूपेंद्र नेताम ,चमेली नेताम, सुखित राम छेदैया,नें संबोधित किया। पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर बसंत ध्रुव को मोमेंटो साल देकर सम्मानित किया ।मंच संचालक द्वय पोखराज नेताम ,राधे लाल मंडावी ने की, कार्यक्रम के प्रारंभ में ग्राम के तालाब के पास स्थित सामाजिक भवन से सामाजिक महिलाओं, बच्चों, युवतियों के द्वारा कलश यात्रा गाजा बाजा के साथ ग्राम की गलियों का भ्रमण करते हुए सभा स्थल पहुंचे । भ्रमण के दौरान जगह-जगह स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर मनबोधी छेदैया, कमलेश मंडावी, राजू ध्रुव, जागेश्वर कोइतुर, धीरसिंगओटी, जन्मेजय ध्रुव, घनश्याम कुंजाम, नरेश्वरी छेदैया, शिवदयाल नेताम, बालमुकुंद नेताम, भरोसा पडोटी, खेलन ध्रुव , सनी ओटी, निखिल ध्रुव, किरण छेदैया, शांति कोहकट्टा, द्रौपदी मंडावी, खिलेश्वरी कुंजाम, अमितेश छेदैया, डामिन नेताम,शीला मरकाम, मालती मरकाम, प्रेमलता सोरी, गणेशीया मंडावी, भुवनेश्वरी, कोर्राम, सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष,युवक, युतीया, बच्चे उपस्थित थे।

### बौध्द बिहार डोंगरगढ़ राजनांदगांव में जिला संघ व विकासखंड संघ ने

# विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर मनाई बेडेन पावेल जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 23 फरवरी।** 22 फरवरी स्काउट के जनक बेडेन पावेल एव लेडी बेडेन पावेल के जन्मदिन विश्व चिंतन दिवस माननीय श्री इंदरजीत सिंग खालसा राज्य मुख्य आयुक्त छत्तीसगढ़ श्री राजेन्द्र गोलछा राज्य उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता पाण्डे प्रभारी राज्य सचिव श्री उमेश हथेल जिला अध्यक्ष श्री महेश खंडेलवाल जिला मुख्य आयुक्त श्री प्रवास कुमार सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट श्री श्रीनिवास मिश्रा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पदेन सहायक जिला आयुक्त स्काउट डोंगरगढ़ के निर्देश में 22 फरवरी 2026 बेडेन पावेल एव लेडी बेडेन पावेल के जन्मदिन विश्व चिंतन दिवस दिवस हीरक जयंती के उपलक्ष्य में संगठन के मूल्यों एव योगदान के लिए संगोष्ठी मानव श्रृंखला सामूहिक प्रतिज्ञा एव 01 दिवसीय स्काउट गाइड कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन सँयुक्त रूप से जिला संघ राजनांदगांव एवं विकास खण्ड संघ डोंगरगढ़ द्वारा बौद्ध विहार डोंगरगढ़ राजनांदगांव में किया गया।



जिसमे श्री उमेश हथेल जिला अध्यक्ष श्री महेश खंडेलवाल जिला मुख्य आयुक्त श्री दविंदर सिंह भाटिया विकास खण्ड अध्यक्ष जिला आजीवन सदस्य श्री संतोष खंडेलवाल श्री मिलन टेम्भूरकर श्री विकास अम्बादे श्री विनोद हथेल श्री देवेन्द्र अम्बादे जिला सचिव श्री मयूख श्रीवास्तव जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्री मुन्ना लाल साहू जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट श्रीमती संगीता मिलन टेम्भुरकर विकासखण्ड उपाध्यक्ष श्री अरविन्द सहारे श्रीमती उर्मिला साखरे,श्रीमती इंदिरा साखरे श्रीमती वीणा वासनिक श्री अजय गेड़ाम श्री रामलाल चंद्रवंशी विकास खण्ड सचिव डोंगरगढ़ श्री अपोल एक्का श्री विजय सरजारे श्री ठाकुर राम चन्द्रवंशी, श्री संतराम साहू, श्री अजितेश जी, श्री नरेश वर्मा, श्री टीकम साहू श्रीमती पुष्पा वर्मा श्री नरेश कंवर अतिथि सदस्य श्री चन्द्र शेखर साखरे की सक्रिय सहभागिता रही।

श्री राकेश भावते जिला उपाध्यक्ष रोवर स्काउट लीडर ने कार्यक्रम का संचालन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ बेडेन पावेल एव लेडी बेडेन पावेल के चित्र में दीप प्रज्वलित एव पुष्प अर्पित कर किया गया। तद्पश्चात जिला मुख्य आयुक्त श्री महेश खंडेलवाल जी ने स्काउट गाइड की उपलब्धि एव जीवन मे इसकी सार्थकता पर अपने विचार व्यक्त किए।

जिला अध्यक्ष श्री उमेश हथेल जी ने अपने स्कूल जीवन के स्काउटिंग से परिचय कराते हुए आज की स्काउटिंग पर अनुभव साझा किया एवं एक स्काउट से जिला अध्यक्ष पद की यात्रा से अवगत कराया। श्री दविंदर सिंह भाटिया जी सहायक राज्य आयुक्त स्काउट राज्य मुख्यालय रायपुर एव विकास खण्ड अध्यक्ष ने स्काउट गाइड के विपरीत परिस्थितियों में जीवन जीने की कला से सीमित संसाधनों मितव्ययता को परिभाषित करते हुए स्काउट गाइड नियम का महत्व बताया।

श्री मयूख श्रीवास्तव जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्री विनोद हथेल ए एल टी स्काउट ने स्काउट गाइड नियम प्रतिज्ञा संगठन की जानकारी देते हुए उस पर आधारित क्वीज प्रतियोगिता करवाई। सभी पदाधिकारियों सहित स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने सामुहिक प्रतिज्ञा ली। मानव श्रृंखला बनाकर एकता एव भारत स्काउट गाइड संगठन का प्रचार प्रसार कर स्काउट गाइड के लिए आज के अतिमहत्वपूर्ण दिवस को सह उल्लासपूर्ण मनाया। साथ ही प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी 2026 बालोद छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया।

**एक नजर**

## रायपुर राष्ट्रीय व्यापार हब के रूप में उभरा

**रायपुर, 23 फरवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि राजधानी रायपुर के बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर में आयोजित देश के प्रतिष्ठित व्यापारिक आयोजनों में शामिल नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 आज अपने तीसरे दिन तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसऔर डिजिटल नवाचारों के प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ और अधिक भव्यता एवं दूरदृष्टि के साथ आगे बढ़ता नजर आया। यह आयोजन रायपुर को भविष्य के तकनीक-आधारित राष्ट्रीय व्यापारिक केंद्र के रूप में स्थापित करता दिख रहा है। आयोजन में किरण सिंह देव, केदार नाथ गुप्ता, संजय श्रीवास्तव एवं अमरजीत सिंह छाबड़ा की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने एक्सपो परिसर का भ्रमण कर देशभर से आए व्यापारियों, उद्योगपतियों, स्टार्टअप्स, टेक्नोलॉजी विशेषज्ञों एवं युवा उद्यमियों से संवाद किया।

## 'बिस्मिल की महफिल' के बाद देर रात हंगामा

**रायपुर, 23 फरवरी।** राजधानी में रविवार देर रात 'बिस्मिल की महफिल' कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जमकर हंगामा हो गया। कार्यक्रम स्थल से बाहर निकलते समय दो कारों की टक्कर के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच कहासुनी धक्का-मुक्की में बदल गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार टकराने के बाद दोनों पक्षों के युवकों के बीच तीखी बहस शुरू हुई, जो कुछ ही देर में बवाल में बदल गई। सड़क पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए डीसीपी और अतिरिक्त पुलिस बल भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने हंगामा कर रहे युवकों को समझाने की कोशिश की, लेकिन जब वे नहीं माने तो हालात काबू में करने के लिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। इसके बाद सड़क पर हंगामा कर रहे कई युवकों को हिरासत में लिया गया, जबकि कुछ युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस हिरासत में लिए गए युवकों को तेलीबांधा थाने लेकर पहुंची, जहां भी उन्होंने जमकर हंगामा किया। बताया जा रहा है कि थाने के भीतर भी युवकों ने नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए स्थिति को नियंत्रण में लिया। पूरा मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें सड़क पर हुए विवाद और पुलिस कार्रवाई के दृश्य देखे जा सकते हैं। कार्यक्रम स्थल से बाहर निकलते समय दो कारों की टक्कर के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच कहासुनी मारपीट बढ़ गई।

छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदला

# बस्तर में बारिश के आसार, फिर बढ़ेगी ठंड



**रायपुर, 23 फरवरी।** दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र और चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से छत्तीसगढ़ के मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 23 फरवरी को प्रदेश के कुछ हिस्सों, विशेषकर बस्तर संभाग में हल्की वर्षा और गरज-चमक के साथ वज्रपात की संभावना है।

**हल्की बारिश की चेतावनी:** अगले दो दिनों तक प्रदेश के एक-दो स्थानों पर बूंदाबांदी हो सकती है। हालांकि, व्यापक बारिश के संकेत नहीं हैं।

**तापमान में गिरावट:** 24 फरवरी से न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की कमी आने की उम्मीद है, जिससे रातों में हल्की ठंड का अहसास फिर से बढ़ेगा।

**रायपुर का हाल:** राजधानी रायपुर में सोमवार को आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। यहाँ अधिकतम तापमान 34°C और न्यूनतम 20°C के आसपास रहने का अनुमान है।

वर्तमान में प्रदेश का मौसम शुष्क बना हुआ है, जहाँ राजनांदगांव में सर्वाधिक 35एष्ट तापमान दर्ज किया गया, वहीं अंबिकापुर 12एष्ट के साथ सबसे ठंडा रहा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर सक्रिय निम्न दबाव के क्षेत्र और दक्षिण मध्य महाराष्ट्र तक फैली द्रोणिका के कारण नमी आ रही है, जो इस मौसमी बदलाव का मुख्य कारण है।

# रास के लिए प्रत्याशी के नामों पर दोनों दल कर रहे मंथन

**रायपुर, 23 फरवरी।** प्रदेश में राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव की सरगर्मी दोनों ही दलों भाजपा व कांग्रेस में शुरू हो गई है। विधानसभा में सदस्यों के समीकरण के मुताबिक दोनों ही दलों को एक-एक सीट मिल जाएगी। यानी मतदान की नौबत नहीं आएगी। दोनों ही दलों ने प्रत्याशियों के नाम का चयन करने मंथन शुरू कर दिया है। नामांकन की प्रक्रिया 26 मार्च से शुरू होगी। लिहाजा प्रत्याशी तय करने में अभी वक्त है। भारतीय जनता पार्टी जातीय समीकरण का ध्यान रख रही है। प्रत्याशी का फैसला दिल्ली दरबार में होगा।

ऐसी जानकारी है कि प्रदेश भाजपा ने सात लोगों के नाम का पैनल बनाकर दिल्ली भेज दिया है। पैनल में अजा वर्ग से पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय, पूर्व मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, किरण बघेल, ओबीसी से पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल तथा सामान्य वर्ग से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रबल प्रताप सिंहदेव व पूर्व राज्यसभा सदस्य सरोज पांडेय के नाम हैं। ज्ञात हो कि दोनों ही सीट फूलोदेवी नेताम व केटीएस तुलसी का कार्यकाल खत्म होने के कारण खाली हो रही है। दूसरी ओर कांग्रेस से पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव का नाम सबसे ऊपर है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राज्यसभा में भेजने की चर्चा थी किंतु विधायकों की संख्या यहां कम होने के कारण इस चर्चा को विराम दे दिया गया। कांग्रेस किसी महिला नेत्री के नाम पर विचार कर रही है। यद राज्य के बाहर से किसी नेता को प्रत्याशी बनाया जाता है तो यहां के नेताओं की उम्मीदों पर पानी फिर जाएगा।

# होली पर 'ड्राई डे' का ऐलान बंद रहेंगी शराब दुकानें

**रायपुर, 23 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में होली के त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने इस वर्ष होली के अवसर पर प्रदेश की सभी शराब दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी किया है, जिसे शराब प्रेमियों के लिए एक बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। बलौदाबाजार प्रवास के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि आगामी होली के पर्व पर प्रदेश में शराब दुकाने पहले की तरह पूर्णतः बंद रहेगी।

### कड़ाई से लागू होगा 'ड्राई डे'

आबकारी विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, होली के दिन पूरे छत्तीसगढ़ में 'ड्राई डे' (शुष्क दिवस) रहेगा। इस दौरान प्रदेश की सभी देशी और विदेशी शराब दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी।होटल, बार, क्लब और रेस्टोरेंट में भी शराब परोसने पर सख्त पाबंदी होगी।

### हुड़दंगियों पर रहेगी पैनी नजर

सरकार का मानना है कि त्योहार के दौरान नशे की वजह से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं और आपसी विवादों को रोकने के लिए यह कदम अनिवार्य है। पुलिस प्रशासन को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि अवैध रूप से शराब बेचने वालों या स्टॉक जमा करने वालों के खिलाफ छापेमारी की जाए।



### बजट सत्र के बीच प्रशासनिक निर्णय

एक ओर जहां आज से विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया है, वहीं दूसरी ओर सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया यह फैसला चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थलों पर नशा करते या हुड़दंग मचाते पाया गया, तो उस पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।जिला कलेक्टरों को अपने-अपने क्षेत्रों में इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मैकेनाइज्ड मल्टीलेवल पार्किंग बनकर तैयार

**रायपुर, 23 फरवरी।** राजधानी रायपुर में बढ़ती वाहनों की संख्या और पार्किंग की समस्या को देखते हुए नगर निगम ने महानगरों की तर्ज पर पहला मैकेनाइज्ड मल्टीलेवल पार्किंग तैयार कर लिया है। यह पार्किंग निगम मुख्यालय परिसर में बनाई गई है। इस अत्याधुनिक पार्किंग सिस्टम को एक सप्ताह के भीतर शुरू भी कर दिया जाएगा। फिलहाल इसमें नगर निगम की गाड़ियां ही खड़ी की जाएंगी। बता दें कि निगम मुख्यालय परिसर में बनाई गई यह पार्किंग करीब 20 लाख रुपये की लागत से बनकर तैयार हुई है, जहां एक समय में 12 कारों को पार्क करने की सुविधा होगी। पूरी तरह से तैयार हो चुके इस पार्किंग सिस्टम में हाइड्रोलिक सिस्टम लगाया गया है, जिससे कम जगह में अधिक वाहनों को सुरक्षित तरीके से खड़ा किया जा सकेगा। नगर निगम के अधीक्षक अभियंता इमरान खान ने बताया कि मैकेनाइज्ड पार्किंग पूरी तरह बनकर तैयार है और एक सप्ताह के भीतर इसे निगम को हैंडओवर कर दिया जाएगा। प्रारंभिक चरण में यहां केवल निगम की गाड़ियां ही पार्क की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से परिसर में जगह की बचत होगी और वाहन सुरक्षित भी रहेंगे।

# सालेम स्कूल में करोड़ों के गोलमाल का आरोप

### अरुण पन्नालाल सामप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ रहे



**रायपुर, 23 फरवरी।** डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ सीएनआई के सचिव नितिन लारेंस तथा बिशप सुषमा कुमार ने आरोप लगाया है कि मसीही समाज के स्वयंभू नेता अरुण पन्नालाल ने सालेम स्कूल में विद्यार्थियों की फीस में बड़ा घपला किया है। पन्नालाल ने चार से पांच करोड़ रुपए का गबन किया है। पन्नालाल लगातार राज्य के साम्प्रदायिक सौहार्द्र को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इतना ही नहीं वे मुख्यमंत्री, मंत्री, आरएसएस, भाजपा, बजरंग दल, शिवसेना सहित अन्य हिन्दू संगठनों के खिलाफ बयानबाजी करते हैं। पन्नालाल छत्तीसगढ़ के किसी भी चर्च के सदस्य नहीं हैं। उनका संगठन फर्जी है। वे तो महाधर्म गुरु को उल्टा घड़ा बोल चुके हैं। लारेंस ने ताया कि पन्नालाल ने पांच माह से सालेम स्कूल पर अवैधानिक कब्जा कर लिया था। इस दौरान उन्होंने घपला किया। हमारी शिकायत पर स्कूल में प्रशासन ने प्रशासक बैठाया है। लारेंस का कहना है कि उन्होंने पन्नालाल की तमाम करतूतों के खिलाफ पुलिस थाना में कई बार शिकायतें की है, किंतु पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। वित्तीय अनियमितता की बारीकी से जांच की जानी चाहिए। पन्नालाल ने अपने छग क्रिश्चियन फोरम को राजनीति का अड्डा बना लिया है। वे सोशल मीडिया पर माहौल खराब करने वाला बयान दे रहे हैं। लारेंस ने बताया कि पन्नालाल यह भी दावा करते हैं कि वे अमेरिका के राष्ट्रपति से संपर्क कर व्हाइट हाउस के प्रतिनिधियों को बुलाने की क्षमता रखते हैं। डायोसिस का कहना है कि पन्नालाल ईसाई है या नहीं इस पर भी संदेह है। नितिन लारेंस ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि डिजिटल लेन-देन की विधिवत जांच कराई जाए। विद्यालय की फीस संबंधित अभिलेखों का परीक्षण कर पन्ना लाल पर आपराधिकर प्रकरण दर्ज किया जाए। डायोसिस ने कहा है कि चर्च ऑफ नार्थ इंडिया भारत के संविधान, उसकी संप्रभुता और राष्ट्रीय एकता के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# चिंतन दिवस पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा




**रायपुर, 23 फरवरी।** 22 फरवरी को भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के आदेशानुसार नेशनल हेडक्कार्टर कमिश्नर एवं जिला अध्यक्ष स्वामी जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय के निर्देशन मे एवं प्रभारी राज्य सचिव एवं राज्य प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सरिता पांडे, जिला संघ रायपुर के जिला सचिव मृत्युंजय शुक्ला के नेतृत्व में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गोगांव रायपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नेशनल हेडक्कार्टर कमिश्नर एवं जिला संघ अध्यक्ष स्वामी एवं राज्य प्रशिक्षण आयुक्त गाइड एवं राज्य प्रभारी सचिव सरिता पांडे टी .के .एस परिहार पूर्व प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट के मुख्य आतिथ्य में भारत स्काउट एवं गाइड के संस्थापक लार्ड बेड़ेन पावेल एवं लेडी बेड़ेन पावेल के जन्म दिवस पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा चिंतन दिवस का आयोजन किया गया।

# राज्य का बजट भी खोखला ही होगा: बैज

## जन अपेक्षाएं भाजपा की प्राथमिकता में है ही नहीं

**रायपुर, 23 फरवरी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि राज्य का आने वाला बजट जनांकांक्षाओं को पूरा नही कर पायेगी। केंद्रीय बजट की तरह ही राज्य का बजट भी खोखला होगा, जिसमें सिर्फ आंकड़ो का मायाजाल होगा, जो वास्तविकता से कोसो दूर होगा। भाजपा सरकार के विगत दो साल के बजट ने न मोदी की गारंटीयों को पूरा कर पायी, न ही शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार देने में सफल हुई है, स्थिति यह है कि पिछली बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जल और कृषि जैसे महत्वपूर्ण मदों से जुड़े आठ विभागों में लगभग 65 हजार करोड़ का बजट प्रावधान रखा गया था, लेकिन सरकार की दुर्भावना के चलते केवल 55 हजार करोड़ ही खर्च हो सके, अर्थात 10 हजार करोड़ रु खर्च ही नही किया गया, इससे समझ आता है कि सरकार को जनसरोकार से कोई लेना देना नही है इस सरकार में बजट केवल कागजी आंकड़ा बन कर रह गया है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भाजपा सरकार की पॉलिसी कर्ज लो और घी पीयो की है, एक ओर जनता को मिलने वाली वास्तविक राहत और रियायत की योजना को बंद कर दिया गया, दूसरी ओर जनता पर व्यवभार बढ़ा दिया गया। जनता की आय बढ़ाने के लिए सरकार के पास कोई योजना नही है। जिस गति से यह सरकार हर महीना कर्ज पर कर्ज ले रही है, प्रदेश में नवजात जन्म लेते ही 65 हजार रु का कर्जदार बन जाता है। प्रदेश की खनिज संपदा का अंधाधुंध दोहन भाजपा के मित्र पूंजीपति कर रहे है, खनिज संपदा का लाभ प्रदेश को नही मिल रहा है। 65 हजार शिक्षकों के पद रिक्त है, पुलिस विभाग में बल की कमी है, भर्ती नही हो रही है। व्यापारियों को जीएसटी से राहत देने कोई योजना नही है, पेट्रोल डीजल में मनमाना टैक्स लेकर जनता की जेब ढीली की जा रही है।बिजली बिल हाफ योजना में 400 यूनिट की छूट खत्म करके बिजली की दरें महंगी कर दी गई। सभी किसानों से धान खरीदी नही हुई, खाद संकट रहा है, सरकारी अस्पताल सुविधाओं के अभाव में खुद बीमार है, आयुष्मान योजना में ईलाज का निजी अस्पतालों को भुगतान नही हो पा रहा है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट की मांग पूरा नही कर पा रही है। स्वच्छ पेयजल के लिए लोग तरस रहे। इस सरकार के पास कोई ऐसी योजना नही है जिसे वर्तमान में प्रदेश को लाभ हो।

# कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई



**रायपुर, 23 फरवरी।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के समिति कक्ष में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, विधायक धरम लाल कौशिक, विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक अजय चंद्राकर सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**मुलाकात** | मुख्यमंत्री साय से राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्तअधिकारियों ने की भेंट

# दायित्वों का निवर्हन निष्ठा व पारदर्शिता के साथ करें : सीएम




**रायपुर, 23 फरवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में राज्य प्रशासनिक सेवा तथा एलाइड सर्विस से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में नियुक्त अधिकारियों ने मुलाकात की. मुख्यमंत्री साय ने सभी अधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं. उन्होंने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति न केवल गौरव का विषय है, बल्कि यह जनसेवा के व्यापक अवसरों और जिम्मेदारियों का भी प्रतीक है. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निष्ठा, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करें. उन्होंने कहा कि शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए. अधिकारियों की सक्रिय भूमिका से प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी. इस दौरान भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्त तीर्थराज अग्रवाल, सुलीना कोसम, बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, सुमित अग्रवाल, संदीप कुमार अग्रवाल, आशीष कुमार टिकरिहा, ऋषभ पाराशर एवं तरुण किरण उपस्थित थे।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता किसानों के हितों पर हमला

**रायपुर 23 फरवरी।** भारत और अमेरिका के बीच घोषित अंतरिम व्यापार समझौते को सरकार ऐतिहासिक बता रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर यह समझौता किसानों, मजदूरों, छोटे उद्योगों और आम जनता की हितों के लिए गंभीर चिंताओं को जन्म देता है। अमेरिका-भारत व्यापार समझौता जन विरोधी कदम है। भारत की आत्मा गांव में बसती है लेकिन जिस तरह से यह व्यापार समझौता की संयुक्त घोषणा सामने आया है, उससे सबसे बड़ा सवाल यह है कि किसानों की सहमति लीये बिना उनकी सुरक्षा को ताक में रख कर कृषि को कॉरपोरेट घरानों के हाथों में सुपुर्दगी सुनिश्चित कर दी है। आज प्रेस क्लब रायपुर में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के संयोजक सदस्यों जनकलाल ठाकुर, तेजराम विद्रोही, गौतम बंध्येपाध्याय, नरोत्तम शर्मा, रामाकांत बंजारे ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि समझौते की घोषणा में गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने और कृषि व्यापार को बढ़ाने की बात कही गई है। इससे अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खुल सकता है। अमेरिकी कृषि भारी सब्सिडी पर आधारित है, जिससे भारतीय किसान प्रतिस्पर्धा में कही भी नजर आने वाले नहीं हैं। सस्ती विदेशी उपज से भारतीय किसान तबाह होंगे अमेरिका की खेती भारी सब्सिडी पर आधारित होने के साथ-साथ पूरी तरह मशीनीकृत और बड़े कॉर्पोरेट फर्म मॉडल पर आधारित है अगर भारत सोयाबीन, ज्वार, मक्का, गेंहूँ, फलों, डेयरी उत्पाद, दालों पर आयात शुल्क घटाता है, तो सस्ती अमेरिकी फसल भारतीय मंडियों में आयेंगी।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26